### ब्रीफ खबरें

#### सिख विजडम अकादमी के सदस्यों की साकची में बैठक

**जमशेदपुर ।** सीजीपीसी द्वारा संचालित सिख विजडम अकादमी ने अब रफ्तार पकड़ ली है. इसके विस्तार का खाका तैयार किया जा रहा है. इस सिलसिले में बुधवार को सिख विजडम अकादमी के कार्यकारणी सदस्यों ने साकची स्थित कार्यालय में बैठक कर इस पर गहन विचार विमर्श किया गया. सीजीपीसी के प्रधान सरदार भगवान सिंह ने कहा कि अकादमी में पंजीकरण के लिए सभी समुदाय के छात्र-छात्राओं का स्वागत है. सभी समुदाय के छात्र इस मुहिम से जुड़कर शिक्षा का लाभ ले सकते हैं. सिख विजडम अकादमी को एक नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए व्यापक कार्य योजना तैयार करने पर अपनी-अपनी राय साझा की.

#### भाजपा नेता उपेंद्र सरदार ने किया डुमरिया का दौरा

**डुमरिया ।** पोटका विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता उपेंद्र नाथ सरदार (राजू) ने बुधवार को डुमरिया प्रखंड का दौरा किया. उन्होंने भाजपा कार्यालय में नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष किशोर गिरी का स्वागत अंगवस्त्र देकर किया. इसके बाद कुमड़ाशोल, पांडुसाई आदि गांव जाकर लोगों से मिले. विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की. कहा कि भाजपा सरकार आम लोगों की हितों की रक्षा करती है. सबका साथ और सबका विकास करना ही पार्टी का संकल्प है. मौके पर सांसद प्रतिनिधि बसंत मदिना, मंडल अध्यक्ष किशोर गिरी, दिलीप पंडा, मृत्युंजय दंडपाट, विकास पानी, सुशील बारिक, सुनील साव, अवनी साव आदि उपस्थित थे.

#### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक घायल

**घाटशिला ।** मुसाबनी थाना क्षेत्र के बरूनिया स्कूल के समीप आमाईनगर मुख्य सड़क पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बुधवार को डुमरिया थाना क्षेत्र के छोटाबोतला गांव निवासी मुकेश सरदार गंभीर रूप से घायल हो गया. स्थानीय लोगों की मदद से मुसाबनी शिवलाल उच्च विद्यालय के कक्षा 11वीं के छात्र समीर पातर ने घायल युवक को शिक्षक की बाइक से उठाकर घाटशिला अनुमंडल अस्पताल पहुंचा. अनुमंडल अस्पताल की चिकित्सक डॉ. कुमुदिनी सरदार ने मुकेश सरदार का प्राथमिक उपचार कर गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर रेफर कर दिया. डॉ. कुमुदिनी सरदार ने बताया कि घायल के सिर पर गंभीर चोट लगी है.

#### सत्यनारायण मारवाड़ी मंदिर में भागवत कथा

**जमशेदपुर ।** बिष्टुपुर सत्यनारायण मारवाड़ी मंदिर में चल रहे भागवत कथा के छठे दिन बुधवार को कथा व्यास हिमांशु महाराज ने गोपियों के साथ प्रेम की लीला और प्रेम की परीक्षा का वर्णन करते हुए भगवान कृष्ण के साथ रूकमणी विवाह की महिमा का गुणगान किया. कहा कि प्रेम की ही परीक्षा होती हैं. महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया और महारास लीला द्वारा ही जीवात्मा परमात्मा का ही मिलन हुआ. बुधवार को जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने बांके बिहारी के दरबार में हाजिरी लगायी और झारखंड के विकास की प्रार्थना की.

**AFFIDAVIT**

I Rai Bandra, aged about 47 years, W/o-Purna Chandra Maharana, resident of At-A-52/6, Meghahatuburu, PO-Meghahatuburu, PS- Kiriburu, Dist-West Singhbhum, Jharkhand, do hereby solemnly affirm and declare as follows:-
1. That I am the deponent of this affidavit and a resident of the above noted address.
2. That the actual and correct name of my daughter is **SHRADDHA SRITI MAHARANA, D/O- PURNA CHANDRA MAHARANA** for all purposes and the same is recorded in her Birth Certificate vide Regn. No. B-2024 : 20-04209-000111, dtd. 27.06.2024 issued by the Registrar, Births & Deaths, Gram Panchayat, Meghahatuburu (North).
3. Thal Unique Identification Authority, Govt. of India has issued an Aadhaar Card in favour of my daughter vide No. 8150 8143 9065 in which her name is inadvertently recorded as **SHRADDHA SRITI** instead of her actual name **SHRADDHA SRITI MAHARANA.**
4. That the names **"SHRADDHA SRITI MAHARANA"** and **"SHRADDHA SRITI"** belongs to one and same person i.e the name of my minor daughter.
5. That henceforth my daughter shall be known and called as **SHRADDHA SRITI MAHARANA, D/O-PURNA CHANDRA MAHARANA** for all purposes.
6. That I swear this affidavit to produce before the concerned authority to treat & correct my daughter's name as **SHRADDHA SRITI MAHARANA, D/O - PURNA CHANDRA MAHARANA** for all purposes.
7. That the fact stated above are all true to the best of my Knowledge and belief.

**Sl. NO. - 3138** Identified by me
**Dt. 27.08.2024** **Advocate**

## सड़क निर्माण की मिली स्वीकृति, मंगोतियो कंस्ट्रक्शन को मिला वर्क ऑर्डर

# 18.41 करोड़ की लागत से बनेगी खासमहल चौक से गोविंदपुर फाटक तक सड़क

- 11 वर्षों बाद जर्जर सड़क से लोगों को मिलेगी मुक्ति

**वरीय संवाददाता । जमशेदपुर**

जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के खासमहल चौक से परसुडीह, शंकरपुर, सरजामदा, बारीगोड़ा, राहरगोड़ा, गदड़ा होते हुए गोविंदपुर रेलवे फाटक तक जाने वाली सड़क का निर्माण मंगोतिया कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड कराएगा. विभाग ने इसके लिए कंपनी को वर्क ऑर्डर भी जारी कर दिया है. बुधवार को अपने साकची स्थित कार्यालय में मीडियाकर्मियों को विधायक मंगल कालिंदी ने यह जानकारी दी.


विधायक मंगल कालिंदी

**राजनीतिक लाभ लेने की मंशा नहीं**

विधायक मंगल कालिंदी ने एक सवाल के जवाब में बताया कि सड़क निर्माण का श्रेय लेने की उनकी मंशा नहीं है. जनता के हित को ध्यान में रखते हुए सड़क निर्माण के लिए वे प्रयासरत थे. लोकसभा चुनाव से पहले सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाता. लेकिन प्रशासनिक व तकनीकी स्वीकृति मिलने के बाद किसी संवेदक ने निविदा नहीं डाली. इस समस्या से मुख्यमंत्री को अवगत कराया. जिसके बाद पुनः निविदा होने पर मंगोतिया कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड ने निविदा डाली. विभाग ने मंजूरी प्रदान करते हुए कंपनी को वर्क ऑर्डर जारी किया. उन्होंने कहा कि सड़क का निर्माण होने से लोगों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो जाएगी.

विधायक ने बताया कि सड़क निर्माण की स्वीकृति दिलाने के लिए वे काफी दिनों से प्रयासरत थे. इसकी प्रशासनिक स्वीकृति होने के बाद जो भी तकनीकी समस्या थी उन्हें भी दूर कर लिया गया है. जल्द ही सड़क का शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित कर निर्माण प्रारंभ कर दिया जाएगा. सड़क का निर्माण होने से हजारों लोगों को फायदा होगा. उन्होंने बताया कि 11 वर्ष पहले झामुमो की सरकार में उक्त सड़क बनी थी. उसके बाद दूसरे दलों (आजसू-भाजपा) की सरकार रही. लेकिन किसी ने सड़क निर्माण की सुध नहीं ली. विधायक बनने के बाद उन्होंने सड़क निर्माण के लिए निरंतर प्रयास जारी रखा. इसके लिए लगातार 2021 से कई बार मुख्यमंत्री से मिले, विधानसभा में लगातार मामले को उठाया. जिसके बाद सड़क की स्वीकृति मिली. स्वीकृति मिलने के बाद संवेदक की ओर से निविदा नहीं डाली गई. जिसके कारण निर्माण में विलंब हुआ. अंततः मंगोतिया कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड ने निविदा डाली. सारी शर्तें पूरी करने के बाद विभाग ने उक्त कंपनी को वर्क ऑर्डर जारी कर दिया. विधायक ने बताया कि 18 करोड़, 41 लाख, 57 हजार 741 रुपये की लागत से सड़क का निर्माण होगा.

# करनडीह चौक डेढ़ घंटे रहा जाम, परेशान हुए राहगीर

## फुटपाथ का अतिक्रमण व वाहनों की पार्किंग से लगता है जाम

**विशेष सहयोगी । जमशेदपुर**

टाटा-हाता रोड में स्थित करनडीह चौक जाम होना मानो नियति बन गई है. अमूमन प्रतिदिन दिन में एक बार चौक पर जाम लग जाता है. कभी-कभी दो-तीन घंटे तक चौक जाम रहता है. जिसके कारण राहगीरों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. बुधवार को सुबह 11 बजे से 12:30 बजे तक चौक जाम रहा. जिसके कारण चारों ओर से वाहनों की आवाजाही ठप हो गई. सड़क जाम रहने के कारण चौक के चारो ओर वाहनों का लंबा काफिला खड़ा हो गया. लोग चाहकर भी सड़क जाम से नहीं निकल पाए. अंततः परसुडीह थाना से पुलिसकर्मियों ने आकर जाम हटवाया. जाम का मुख्य कारण करनडीह चौक पर दुकानदारों के द्वारा फुटपाथ का अतिक्रमण कर सड़क के किनारे तक दुकान लगाना है. साथ ही खरीददारी करने वाले ग्राहक अपने वाहन सड़क पर खड़ी कर देते हैं. जिसके कारण सड़क संकरी हो जाती है. ज्ञात हो कि करनडीह होकर टाटा-हाता रोड में चाईबासा, नोवामुंडी, घाटशिला, मुसाबनी आदि जगहों के वाहन चलते हैं.


सड़क जाम होने के कारण खड़े वाहन.

**ट्रैफिक पुलिस की स्थायी प्रतिनियुक्ति की मांग**

अक्सर चौक जाम होने का कारण वाहन चालकों की मनमानी भी है. चौक पर चारों तरफ से वाहनों का आना-जाना होता है. इस दौरान किसी वाहन चालक की गलती की वजह से धीरे-धीरे वाहन रूकते जाते हैं. जो जाम का कारण बनते हैं. स्थानीय लोगों ने बताया कि लोगों में मानवता खत्म हो गई है. मनमाने ढंग से लोग वाहन चलाते हैं. पुलिस की मौजूदगी से लोगों में भय होगा. इसलिए यहां स्थायी ट्रैफिक पुलिस की प्रतिनियुक्ति होनी चाहिए. साथ ही बीच-बीच में वाहन जांच अभियान भी चलाया जाना चाहिए. जिससे मनमाने ढंग से वाहन चलाने वालों पर लगाम लग सके. विशेष ड्राइव होने पर ही पुलिस करनडीह चौक पर वाहनों की जांच करती है. पुलिस की जांच से बचने के लिए लोगों को क्रॉस रोड का सहारा लेना पड़ता है. क्रॉस रोड जाम होने से भी चौक पर जाम लगना लाजिमी है. वैसे आमतौर पर जगह के अभाव में पुलिस नियमित रूप से वाहन जांच अभियान नहीं चलाती है.

# घाटशिला में मौसमी बीमारी ने बढ़ाई लोगों की परेशानी



**संवाददाता । घाटशिला**

प्रखंड क्षेत्र में इन दोनों मौसमी बीमारी से लोग परेशान हैं. सरकारी अस्पताल और निजी नर्सिंग होम में ज्यादातर सर्दी खांसी और बुखार के मरीज पहुंच रहे हैं. अस्पताल एवं नर्सिंग होम में बेड लगभग भरे हुए हैं. खासकर वायरल फीवर से ग्रसित रोजाना दर्जनों मरीज चिकित्सक के पास पहुंच रहे हैं. मौसमी बुखार में मरीजों को ठीक होने में सात दिन से ज्यादा लग रहे हैं. पहले तीन से चार दिनों में मरीज ठीक हो जाते थे, लेकिन अभी वायरल फीवर होने पर सात से आठ दिन तक मरीजों को परेशान कर रहा है. बुधवार को जब घाटशिला अनुमंडल अस्पताल का जायजा लिया तो पता चला कि अस्पताल के सभी बेड मरीजों से भरे हैं. इनमें आधे से अधिक मरीज सिर्फ बुखार से ग्रसित हैं. अनुमंडल अस्पताल घाटशिला के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी आरएन सोरेन से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि पहले अस्पताल में प्रत्येक दिन 80 से 90 मरीज आते थे लेकिन मौसमी बीमारी बढ़ने के कारण मरीजों की संख्या बढ़ गई है. वर्तमान में 130 से 140 मरीज अस्पताल पहुंच रहे है.

जिसमें अधिकतर सर्दी, खांसी एवं बुखार के मरीज होते हैं. उन्होंने बताया कि अधिकतर लोगों को बुखार बारिश के पानी से भीगने के कारण हो रहा है. पहले सर्दी और फिर तेज बुखार आ रहा है जो छह सात दिनों तक लोगों को परेशान कर रहा है. अस्पताल में रक्त जांच की व्यवस्था है. लोगों को जहां तक हो बारिश के पानी से भीगने से बचना चाहिए. उन्होंने कहा कि बारिश के दिनों में गर्म पानी का सेवन करे तो बेहतर होगा. संभव हो तो तो सूप भी समय-समय पर ले सकते हैं जो गले में इंफेक्शन होने से बचायेगा. उन्होंने कहा कि अस्पताल में मौसमी बीमारी से संबंधित लगभग सभी दवा मौजूद है और बेड भी उपलब्ध है.

# भाजपा की सरकार बनने पर हर जगह विकास होगा : गीता मुर्मू


आमाईनगर गांव में ग्रामीणों के साथ बैठक करते गीता मुर्मू.

- वर्तमान सरकार ने पांच वर्षों से विकास का कोई काम नहीं किया : गीता

**संवाददाता । घाटशिला**

भाजपा जिला मंत्री गीता मुर्मू ने बुधवार को आमाईनगर गांव का दौरा कर ग्रामीणों के साथ बैठक की. ग्रामीणों से गांव की समस्या की जानकारी ली. उन्होंने ग्रामीणों से आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की. गीता मुर्मू ने कहा कि वर्तमान सरकार ने पांच वर्षों से विकास का कोई काम नहीं किया है. इस बार भाजपा को जिताने काम करें ताकि भाजपा की सरकार बनी तो हर गांव, मुहल्ला तथा शहर में विकास का काम होगा. इसी गांव में पिछले दिन कुन्ती धीवर के पति स्व. महिन्द्रा धीवर का स्वर्गवास हो गया था. जब गीता मुर्मू को इसका पता चला तो वह अपनी पूरी टीम के साथ उनके घर पहुंच कर शोकाकुल परिवार से मिली और उनका हालचाल जाना. उन्होंने परिवार को ढाढस देते हुए दुख में साथ रहने की बात कही. मौके पर घाटशिला मंडल अध्यक्ष कौशिक कुमार, बहड़ागोड़ा के मंडल अध्यक्ष राजकुमार कर, ग्राम प्रधान नारायण धिवर, गौतम धाल, जोगन किस्कु, उषा पातर, अमृता सहाय उपस्थित थे.

# हर माह होगी इसरो कार्यसमिति की बैठक

## बैठक में औद्योगिक क्षेत्र की खराब सड़कों पर जताई चिंता

- चोरी, डकैती रोकने के लिए एसपी के प्रयासों की सराहना की

**संवाददाता । आदित्यपुर**

इंडस्ट्रियल स्टैबिलिटी एंड रिफॉर्म ऑर्गनाइजेशन (इसरो) के कार्य समिति की दूसरी बैठक बुधवार को देर शाम आदित्यपुर में हुई. इसकी अध्यक्षता अध्यक्ष रूपेश कतरियार ने की. बैठक में संगठन के कार्यकलापों पर चर्चा की गई. साथ ही प्रतिमाह कार्यसमिति की बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया. अध्यक्ष रूपेश कतरियार ने बताया कि कार्यसमिति की बैठक में औद्योगिक विकास इंडस्ट्रियल एरिया में मूलभूत सुविधाओं को बहाल करने जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया है. उद्योगों से होल्डिंग टैक्स वसूले जाने के मुद्दे पर कहा कि इंडस्ट्रियल एरिया जियाडा के अधीन है या नगर निगम को इसकी स्थिति सरकार को स्पष्ट करनी होगी. बैठक में औद्योगिक क्षेत्र की सड़कों और नालियों के साथ स्ट्रीट लाइटों की बदतर स्थिति के लिए प्रयास करने का निर्णय लिया गया. रूपेश कतरियार ने बताया कि बैठक में सरकार के 75 फीसदी स्थानीय लोगों को रोजगार देने को बेहतर बनाने पर चर्चा की गई. बताया कि इसरो द्वारा जल्द ही झारखंड सरकार के इस नियोजन नीति से उद्योगों को जोड़ने के लिए कैंप आयोजित करेगी. इसरो कार्यसमिति की बैठक में उपस्थित सदस्यों ने एसपी के प्रहरी और बीट पुलिसिंग की सराहना की. बैठक के दौरान विगत दिनों आदित्यपुर इंडस्ट्रियल एरिया में चोरी, डकैती रोकने के लिए प्रतिनिधिमंडल द्वारा सरायकेला एसपी मुकेश लुणायत से मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस प्रहरी और बीट पुलिसिंग शुरू किए जाने पर पुलिस अधीक्षक के प्रति आभार जताते हुए प्रयासों की प्रशंसा की गई. कार्य समिति बैठक में महासचिव संदीप कुमार, कोषाध्यक्ष उत्तम चौधरी, तरुण कुमार, असीम कुमार, विनय कुमार सिंह, गौतम महापात्रा रवि कुमार प्रसाद, लोकेश शर्मा, इंद्रजीत सिंह सोखी, नरेश कुमार, अमृतपाल सिंह राही, अमलेश झा, उत्तम कुमार,पंकज झा, समीर सिंह, मनोज कुमार, विकास गर्ग, चंद्रभूषण सिंह, पंकज कुमार आदि उपस्थित थे.


आदित्यपुर में बैठक करते इसरो कार्यसमिति के सदस्य.


**परेशानी** केंद्र ने 135 करोड़ की दी है मंजूरी, वन विभाग की जमीन पर है 13 किमी सड़क

# एनओसी के चक्कर में लटका फुलडुंगरी से झांटीझरना तक सड़क निर्माण

- सड़क चौड़ीकरण के लिए ठेकेदार को फिर से लेना होगा एनओसी

**संवाददाता । घाटशिला**

घाटशिला प्रखंड के सबसे महत्वपूर्ण फुलडुंगरी से झांटीझरना तक सड़क निर्माण कार्य एक बार फिर अधर में लटक गया है. सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाद भी सड़क का काम शुरू नहीं हुआ है. पिछले 21 अगस्त को सांसद द्वारा इसको लेकर भूमि पूजन भी किया जाना था, लेकिन वन विभाग से सड़क की स्वीकृति नहीं लिए जाने के कारण निर्माण लटक गया है. जानकारी के अनुसार फुलडुंगरी से बंगाल सीमा के झांटीझरना तक सड़क का निर्माण सेन्ट्रल रोड फंड से किया जाना है. इसको लेकर केन्द्र सरकार द्वारा 135 करोड़ रुपये की स्वीकृति


झांटीझरना जाने वाला जर्जर सड़क

भी दी की गयी है. इसमें लगभग 100 करोड़ रुपये की लागत से सड़क का निर्माण और 35 करोड़ रुपये जमीन अधिग्रहण के लिए दिया जायेगा. फुलडुंगरी से झांटीझरना बंगाल सीमा तक लगभग 25 किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जाना है. इसमें 12 किलोमीटर सड़क सामान्य एवं 13 किलोमीटर सड़क फॉरेस्ट एरिया में पड़ता है. इस संबंध में वन विभाग के अधिकारी का कहना है कि अगर सड़क जो पहले से बना हुई है, उतनी ही जमीन पर निर्माण होगा तो एनओसी लेने की जरुरत नहीं है, लेकिन सड़क का चौड़ीकरण किया जायेगा तो वन विभाग की अतिरिक्त जमीन जायेगी. इसके लिए ठेकेदार को एनओसी लेना जरुरी है.

एनओसी के लिए गुजरनी होगी लंबी प्रक्रिया से ठेकेदार को कहा गया है कि सड़क के चौड़ीकरण को लेकर पहले वन विभाग से एनओसी प्राप्त करे, फिर निर्माण शुरू करे. अगर ठेकेदार द्वारा वन विभाग से एनओसी लिया जाता है तो इसमें फिर एक लंबी प्रक्रिया से गुजरनी होगी, ऐसे में सड़क का निर्माण फिर लंबे समय के लिए अटक सकता है.

हालांकि इसको लेकर रांची के ठेकेदार द्वारा एनओसी लेने के लिए वन विभाग को आवेदन देने की बात कही जा रही है, लेकिन कब एनओसी मिलेगा और कब सड़क बनेगी, यह कहना मुश्किल है. ऐसे में यह सवाल उठता है कि बिना एनओसी के ठेकेदार ने भूमि पूजन की सारी यैतारी कैसे कर ली.

हालांकि सांसद जिस दिन भूमि पूजन करने आये थे, एनओसी की बात नहीं कहा. भारत बंद की दुहाई देते हुए भूमि पूजन नहीं करने की बात कही थी. इस संबंध में पथ निर्माण विभाग के सहायक अभियंता को दूरभाष पर फोन लगाकर उनकी राय जानने का प्रयास किया गया, पर उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया.

### न्यूज अपडेट

#### सुरों की महफिल से दी स्व. मुकेश को श्रद्धांजलि



**आदित्यपुर ।** एक दिन बिक जाएगा माटी के मोल ...और फूल तुम्हें भेजा है खत में जैसे पुराने गीतों की प्रस्तुति के साथ सुरों की महफिल सजाकर पार्श्व गायक मुकेश को मंगलवार की देर शाम कला प्रेमियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की. यह आयोजन सांस्कृतिक संस्था परिमल ने की थी. श्रद्धाजंलि अर्पित करने वालों में अधिवक्ता ओम प्रकाश, नगर पर्षद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह अनिल वर्मा, कुमार सुबोध शरण, सुरेश धारी, दिवाकर झा, लक्ष्मण प्रसाद आदि शामिल थे. संगीतमय शाम में मुकेश के गीतों को आवाज देने वालों में स्थानीय कलाकारों में मुख्य रूप से नीलाम्बर चौधरी, गौतम गोराई, संजय स्वर्णकर, संजय गुप्ता, प्रमोद कुमार, नीतू शर्मा, संजीव, दुर्गावती मिश्रा, आरती वर्मा, खिरोद सरदार, रीति झा, रजत शरण आदि शामिल थे.

#### टुईलाडूंगरी में पंडाल निर्माण का हुआ भूमि पूजन



**जमशेदपुर ।** श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमिटी टुईलाडूंगरी के बनने वाले भव्य दुर्गा पूजा पंडाल का भूमि पूजन बुधवार को संपन्न हुआ. पंडित निरंजन रथ और प्रदीप्त कुमार दास ने विधि विधान से भूमि पूजन किया. मौके पर पूजा कमिटी के मुख्य संरक्षक राजू गिरी, अध्यक्ष मिथिलेश सिंह यादव और महासचिव दिनेश कुमार ने संयुक्त रूप से पूजा अर्चना की. महासचिव दिनेश कुमार ने बताया की देश की आजादी के पहले से होने वाली यह पूजा शहर में पहले उड़िया पूजा के रूप में प्रसिद्ध थी. अब यह पंडाल शहर में अपनी भव्यता के लिए जाना जाता है. अलग अलग थीम और सामाजिक संदेश देता इस पंडाल और पूजा को देखने के लिए शहर और ग्राम के सभी कोने कोने से लोग आते है. यहां मेला भी लगता है.

#### पुलिया के पास गड्ढा दुर्घटना को कर रहा आमंत्रित



**बहरागोड़ा ।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के खंडामौदा से बानियाकुदर जाने वाले सड़क में पुलिया के पास बने गड्ढे से हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है. यह सड़क बहरागोड़ा माटिहाना मुख्य सड़क तथा एन एच 49 को जोड़ती है. इससे होकर कई गांवों के ग्रामीण आवागमन किया करते हैं. इसी सड़क के पुलिया के सामने बने गड्ढे के कारण कई स्कूली बच्चे तथा राहगीर गिरकर घायल हो चुके हैं. ग्रामीणों का कहना है कि रात के अंधेरे में भी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है. इसके लिए ग्रामीणों ने कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधि से लेकर संबंधित विभाग के अधिकारी को अवगत कराया है फिर भी इस दिशा में पहल नहीं होने पर ग्रामीण नाराज हैं.

#### इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी का रक्तदान शिविर



**बहरागोड़ा ।** जयप्रकाश नारायण सामुदायिक भवन परिसर में बुधवार को इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी तथा महिला कल्याण समिति बहरागोड़ा के तत्वावधान में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. इस अवसर पर बहरागोड़ा के पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया. कुणाल षाड़ंगी ने रक्तदान करने वाले युवाओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि रक्तदान महादान और जीवनदान है. समाचार लिखे जाने तक 156 व्यक्ति रक्तदान कर चुके थेआयोजन को सफल बनाने के लिए इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी और महिला कल्याण समिति बहरागोड़ा के सदस्यों में से डॉ बिनी षाड़ंगी, रंजीत बाला, दिलीपानन्द गोस्वामी, तपन ओझा, सुदीप पटनायक, उषा गोस्वामी, श्रद्धा षाड़ंगी, हुकुम महतो आदि उपस्थित थे.

#### डीएवी के विद्यार्थियों ने मनाया अंतरिक्ष दिवस



**बहरागोड़ा ।** बहरागोड़ा टीपीएस डीएवी के विद्यार्थियों ने बुधवार को अंतरिक्ष दिवस मनाया. इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने चित्रों के माध्यम से अंतरिक्ष एवं अंतरिक्ष विज्ञान को दर्शाया. साथ ही मॉडल बना कर अंतरिक्ष संबंधित ज्ञान से सभी को अवगत कराया. चित्रांकन प्रतियोगिता में शुचि चक्रवर्ती, साहिल कुमार, प्रीति महापात्र, तापश कुईला, लक्ष महन्ती, हिमाद्रि महापात्र और मॉडल में देबस्मिता, नम्रता, कौस्तव, मिस्बाउल हक आदि छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया. प्राचार्य अनूप कुमार ने विद्यार्थियों को विस्तार पूर्वक अंतरिक्ष विज्ञान के महत्व एवं इस क्षेत्र की उपलब्धि के बारे में बताया. बच्चों द्वारा बनाए गए चित्रों एवं मॉडलो की उन्होंने तारीफ करते हुए उन्हें इस क्षेत्र में अपने भविष्य निर्माण के लिये प्रेरित किया.

#### अनियंत्रित ट्रेलर डिवाइडर तोड़ दूसरे लेन में घुसा



**घाटशिला ।** घाटशिला थाना क्षेत्र के फूलपाल गांव के समीप एनएच 18 फोरलेन पर बुधवार को अनियंत्रित ट्रेलर डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरे लेन में चला गया. इससे एक लेन जाम हो गया. इस दुर्घटना में ट्रेलर का चालक बाल-बाल बच गया. सूचना मिलने पर घाटशिला पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली. इस दुर्घटना के बाद सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई. इसके बाद पुलिस ने एक लेन से वाहनों का आवागमन शुरू करा दिया. बाद में पुलिस ने क्रेन की मदद से ट्रेलर को फोरलेन से हटवा दिया. इसके कारण फुलडुंगरी चौक से कपागोड़ा गांव तक लगभग 3 घंटे एक लेन बंद रहा.

#### खरस्वाती नदी में डायवर्सन रोड बनाना शुरू



**घाटशिला ।** दामपाड़ा क्षेत्र में खरस्वाती नदी पर हो रहे पुलिया निर्माण का डायवर्सन पिछले दिनों बह गया था. छोटा जमुना और भदुआ के ग्रामीणों ने डायवर्सन रोड के लिए विधायक रामदास सोरेन से गुहार लगाई थी. डायवर्सन रोड बुधवार से बनाने का काम शुरू हो गया है. उस रोड से प्रभावित ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि कई गांव के लोग घाटशिला मुख्यालय से कट गए थे. विधायक की पहल पर कार्य शुरू हो गया है, इससे अब ग्रामीणों को मुख्यालय तक जाने में आसानी होगी. बता दें कि पिछले दिन विधायक पुलिया निर्माण की प्रगति को देखने गए थे. इस दौरान ग्रामीणों ने शिकायत की तो विधायक ने मोबाइल पर संवेदक को दो दिनों के अंदर डायवर्सन रोड बनाने का निर्देश दिया था. मौके पर बलराम मांडी, माधव दास , मेघराय टुडू, विजय टुडू, बाघराय टुडू, दिकु टुडू आदि ग्रामीण मौजूद थे.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार






www.lagatar.in | जमशेदपुर, गुरुवार 29 अगस्त 2024 भाद्रपद कृष्ण पक्ष 11 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 2, अंक : 141 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


### भुईयांडीह के 150 घरों को तोड़ने के नोटिस के मामले में डा. अजय कुमार के आरोपों पर सरयू राय का पलटवार

# अर्जुन मुंडा की एनजीटी को लिखी चिट्ठी की सार्वजनिक, बहस की दी चुनौती



- कहा- वोट के लिए कितना नीचे गिरिएगा अजय कुमार जी !
- पूछा- अजय कुमार बताएं अर्जुन मुंडा के पत्र में क्या नाजायज है



**वरीय संवाददाता | जमशेदपुर**

जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस के स्वनामधन्य नेता और जमशेदपुर पूर्वी क्षेत्र से विधानसभा के स्वघोषित कांग्रेसी उम्मीदवार डा. अजय कुमार ने दो दिन पहले मीडिया में बयान देकर उनसे मांग की थी कि हिम्मत है तो वह पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का वह पत्र सार्वजनिक करें, जिसे उन्होंने एनजीटी को लिखा है. कायदे से तो यह पत्र अजय कुमार को सार्वजनिक करना चाहिए था, क्योंकि इसी पत्र को आधार बनाकर उन्होंने अनर्गल आरोप लगाए थे. जिसमें डा. अजय ने कहा था कि अर्जुन मुंडा ने भुईयांडीह की इन्द्रानगर- कल्याण नगर बस्तियों के 150 मकानों को तोड़ने के लिए एनजीटी को पत्र लिखा है. श्री राय ने कहा कि डा. अजय मुझसे बहस करना चाहते हैं, पहले वह भाजमो के जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव से बहस कर लें. वहां जीत जाएंगे तो मेरे पास आ जाइएगा. रेफरी आपका. स्थान आपका. समय भी आपका. फिर करिएगा मुझसे बहस.

सरयू राय ने फेसबुक लाइव के दौरान अर्जुन मुंडा द्वारा एनजीटी को लिखा गया पत्र सार्वजनिक किया. साथ ही अजय कुमार की योग्यता का हवाला देते हुए चुनौती दी की पत्र में भुइयांडीह के इंद्रानगर व कल्याणनगर का जिक्र खोजकर बता दें. साथ ही यह भी कहा कि डॉ. अजय कुमार यह भी बताएं कि अर्जुन मुंडा के पत्र में क्या नाजायज है. उन्होंने कहा कि डॉ. अजय कुमार ने जानबूझकर अर्जुन मुंडा का पत्र देखे बिना एनजीटी के एक आदेश में इसका उल्लेख होने के आधार पर बात का बतंगड़ बना दिया और मुंडा की नीयत पर संदेह खड़ा कर दिया. श्री राय ने कहा कि उन्हें (सरयू राय) नाहक इस कारण इसमें लपेट लिया कि अर्जुन मुंडा उनके मित्र हैं. अब डाा. अजय बताएं कि उनके साथ मेरे व्यक्तिगत संबंध कितने घनिष्ठ रहे हैं. सबसे पहले वे मुझसे मिले थे तो कब, कहां, किस-किसके साथ और किसलिए मिले थे. उन्होंने तो मेरा पुतला तक फूंकवा दिया. संबंध का लिहाज भी नहीं किया. श्री राय ने कहा कि उन्हें इस बात की खुशी है कि वे उन पर मुंडा के मित्र होने के कारण उन्हें बचाने का आरोप लगा रहे हैं. पापी वोट का सवाल जो है. वोट के लिए कितना नीचे गिरिएगा अजय कुमार जी ! श्री राय ने कहा कि एनजीटी की कोलकाता बेंच के 23 अगस्त 2024 के आदेश में श्री अर्जुन मुंडा के पत्र का उल्लेख है. उसके पहले एनजीटी की दिल्ली बेंच के आदेश में उल्लेख है कि 23 अगस्त 2003 के इस पत्र में लिखा क्या है. इसके बावजूद डा. अजय भ्रम फैला रहे हैं कि मुंडा जी के पत्र में बस्तियों के घरों को तोड़ने के लिए कहा गया है. पत्र की प्रति सार्वजनिक होने के बाद डा. अजय अब भी सच्चाई स्वीकारेंगे या थेथरई करते रहेंगे.

## नोटिस देने के लिए आखिर कौन है जिम्मेदार

सरयू राय ने कहा कि सवाल है कि आखिर इन्द्रानगर- कल्याण नगर के घरों को तोड़ने की नोटिस देने के लिए कौन जिम्मेदार है. एनजीटी की कोलकाता बेंच ने अपने 30 जनवरी 2024 के आदेश में एक संयुक्त जांच समिति बनाने का निर्देश दिया है. इस समिति ने 13 मार्च 2024 को प्रतिवेदन दिया, जिसे उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम ने इस जांच समिति की रिपोर्ट शपथ पत्र के साथ एनजीटी के सामने पेश किया. उसमें साफ-साफ लिखा है कि दोमुहानी से कपाली तक स्वर्णरेखा नदी के किनारे बने मकानों का सर्वे हुआ है. तब इन्द्रा नगर- कल्याण नगर के मकानों को नोटिस किसके आदेश से जारी हुई. डा. अजय को यह स्पष्ट करना चाहिए. उनकी पार्टी की सरकार में बैठा कौन यह सब करा रहा है. अर्जुन मुंडा के पत्र में तो बहुमंजिला इमारतों का जिक्र है, फिर बस्तियों को किसने और किसके आदेश से जोड़ा. श्री राय ने कहा कि एक और जांच समिति झारखंड सरकार ने जल संसाधन सचिव की अध्यक्षता में बनाई है. इसने दोमुहानी से बालीगुमा नाला तक सर्वे किया है जो जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा के मानगो क्षेत्र में है. इसमें कितने लोगों को नोटिस मिली. मंत्री बन्ना गुप्ता अपने क्षेत्र के सर्वे पर क्यों चुप हैं. सरकारी तंत्र ने बढ़-चढ़ कर पक्षपात पूर्ण तरीके से बस्तियों के मकानों को तोड़ने के लिए चिन्हित किया है. उन्होंने पूछा कि क्या डा. अजय कुमार इसकी जिम्मेदारी लेंगे. क्या यह मामला उन्होंने सरकार के उपायुक्त, मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री के पास उठाया. क्या उन्होंने प्रयास किया कि मुख्य सचिव द्वारा एनजीटी के समक्ष दिये जाने वाले शपथ पत्र में से बस्तियों के घरों को तोड़ने के बारे में यही स्थिति रखी जाए कि इन घरों को तोड़ना जरूरी नहीं है.

### पूछा- डा. अजय और बन्ना गुप्ता में क्या सांठगांठ है

श्री राय ने कहा कि अजय कुमार को बस्तियों के घरों को टूटने से बचाने के लिए अपनी सरकार के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए. गलती सरकार ने की है. इसके लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराना चाहिए. उन्होंने डॉ. अजय कुमार से ढकोसला बंद करने व पीछा छोड़ने के लिए कहा. श्री राय ने कहा कि डा. अजय को ऐसा कुछ भी नहीं करना चाहिए जिससे राजनीति शर्मसार हो. यह ठीक है कि आपके मुंह से चुनाव लड़ने के लिए लार टपक रहा है. आप लड़िए. आपका जो हश्र होगा, वह जनता बताएगी. श्री राय ने जानना चाहा कि आखिर डा. अजय और बन्ना गुप्ता में क्या सांठगांठ है. बन्ना गुप्ता चुप क्यों हैं. लगता है, यह वोट के लिए किया जा रहा है.

### शोरूम पर फायरिंग व कारोबारियों से रंगदारी मांगने का मामला

# सरगना समेत चार गिरफ्तार

### 17 अगस्त को बिष्टुपुर स्थित मारूति शोरूम पर चलाई थी गोलियां

**वरीय संवाददाता | जमशेदपुर**

बिष्टुपुर स्थित मारूति शोरूम के बाहर फायरिंग करने और शहर के कारोबारियों से रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस ने मुख्य सरगना समेत चार लोगों को बुधवार को गिरफ्तार किया गिरफ्तार आरोपियों में सिदगोड़ा सिंधु रोड निवासी सरगना प्रभास सिंह उर्फ नुनु सिंह, बिहार के बांका जिला निवासी अभिषेक सिंह उर्फ पंडित, शुभम सिंह और देवघर निवासी अमन सिंह उर्फ गोलू शामिल है. आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने फायरिंग की घटना में प्रयुक्त कार समेत अन्य सामान बरामद किया है. इसके पूर्व पुलिस ने इसी मामले में शामिल दो अन्य लोगों को गिरफ्तार किया था.




मीडिया के समक्ष आरोपियों को पेश कर घटना की जानकारी देते एसएसपी व सिटी एसपी.

एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि प्रभास सिंह ने अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर मारूति शोरूम के बाहर फायरिंग करवाई थी. इसके बाद शहर के कारोबारियों से फोन पर रंगदारी मांग रहा था. इसको लेकर कई थानों में मामले भी दर्ज किए गए. पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई की और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया.

ज्ञातव्य हो कि 17 अगस्त को अपराधियों ने शोरूम पर फायरिंग किया था. उस घटना के बाद पुलिस सकते में आ गई. सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर फायरिंग करते हुए अपराधी दिखे. जिसके बाद एसएसपी ने एसआईटी का गठन किया. अपराधियों के हुलिया के आधार पर छापेमारी शुरु हुई. इस दौरान पुलिस ने 24 अगस्त को दो अपराधकर्मियों को 1 देशी कट्टा, 5 पीस जिंदा कारतूस, एक 7.55 एमएम की पिस्टल तथा उसकी एक पीस गोली के साथ किया. गिरफ्तार दोनों ने अपराध में अपनी संलिप्तता स्वीकारी तथा प्रभास सिंह का नाम मुख्य सरगना के तौर पर बताया. दोनों ने पुलिस को बताया कि फायरिंग करने के बाद वे लोग रंगदारी के लिए फोन करते हैं तथा रंगदारी वसूलते हैं. दोनों की निशानदेही पर पुलिस ने बीती रात छापेमारी करके बिहार के बांका जिले से का रहने वाला अभिषेक सिंह उर्फ पंडित, प्रभास सिह उर्फ नुनू , शुभम सिंह और देवघर निवासी अमन सिंह उर्फ गोलू को गिरफ्तार किया. एसएसपी ने बताया कि इन लोगों का मुख्य काम रंगदारी वसूलना है. इससे जुड़े कई मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं. प्रेस वार्ता में सिटी एसपी ऋषभ गर्ग व अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे.

# चंपाई सोरेन के घर व कार्यालय का रंग हो गया हरा से भगवा

**संवाददाता | आदित्यपुर**

जिलिंगोड़ा स्थित मंत्री चंपाई सोरेन का घर और महुलाडीह स्थित कार्यालय का रंग भगवा किया जा रहा है. बता दें कि अभी उनका मंत्री पद से इस्तीफा और भाजपा में शामिल होना बाकी है. लेकिन अभी से उन्होंने अपने पैतृक आवास को भगवा रंग में रंगवाना शुरू कर दिया है. बता दें कि पांच बार झामुमो से और एक बार निर्दलीय विधायक रहने के बाद अपने घर से करीब 40 साल बाद झारखंड की पहचान हरा रंग को उतार कर भगवा में रंगवा रहे हैं. दिल टूटते ही पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन झामुमो से जुड़ी यादों और निशानियों को एक-एक कर मिटाते जा रहे हैं.

40 साल तक झामुमो का झंडा ढोने वाले चंपई सोरेन अभी चंद दिनों पहले तक हरे रंग में सराबोर थे. घर में झंडे हरे. जीवन के 40 वर्ष तक हरे रंग की हरियाली में डूबे चंपई सोरेन को मानो अब हरे रंग से ही नफरत हो गई है. अब जबकि 30 अगस्त को चंपई सोरेन का भाजपा में जाना तय हो गया है तो उनके जिलिंगोड़ा आवास की दीवारों पर लगे हरे रंग को मिटाकर उसके ऊपर भगवा रंग चढ़ाया जा रहा है.



### अब घर पर तीर धनुष नहीं कमल फूल के झंडे

चंपाई सोरेन के आवास के एक कर्मचारी ने बताया कि दादा का फोन आया था. उन्होंने घर से हरा रंग को हटाकर उसे भगवा रंग में रंगने का निर्देश दिया है. जिस घर में 40 साल तक झामुमो का हरा झंडा लहराता था उसे तो एक हफ्ते पहले ही उतार दिया गया था. चंपई के पहुंचने से पहले घर में भाजपा का कमल फूल वाला झंडा लहराने लगेगा. उनके आवास पर गृह मंत्री अमित शाह के आगमन का भी प्रोग्राम बन रहा है. ऐसे में पूरे क्षेत्र को वे भगवा रंग और कलम फूल वाले झंडे से पाटना चाहते हैं. हेमंत सोरेन जब उन्हें मुख्यमंत्री बनाकर जेल चले गये तब भी चंपाई ने वफादारी साबित की. सरकार के कार्यक्रमों में बोलते थे कि हेमंत सोरेन को भाजपा ने साजिश के तहत जेल में डाल दिया है. मुख्यमंत्री बनने के बाद भी वे सीएम हाउस में नहीं रहे, बल्कि डीसी आवास के सामने स्थित अपने सरकारी आवास में रहे. हेमंत सोरेन के जेल से बाहर आने के बाद जिस तरह से उन्हें विधायक दल की बैठक का एजेंडा नहीं बताया गया और सीधा इस्तीफा मांग लिया गया. इससे चंपाई ने खुद को अपमानित महसूस किया. चंपई इसका जिक्र भी अपने एक्स पोस्ट में कर चुके हैं. यही वजह है कि अब चंपाई झामुमो से जुड़ी हर पहचान को मिटाना चाहते हैं.

## इंजीनियरिंग की छात्रा ने कीटनाशक खाकर दी जान

### मोबाइल इस्तेमाल करने पर मां ने लगाई थी फटकार

**वरीय संवाददाता | जमशेदपुर**

एमजीएम थाना अंतर्गत भिलाई पहाड़ी से सटे तुरियाबेड़ा की रहने वाली युवती की बुधवार को कीटनाशक खाने से मौत हो गई. घटना 13 अगस्त को हुई थी. अत्यधिक मोबाइल फोन चलाने के कारण युवती की मां ने उसे फटकार लगायी थी. जिससे नाराज होकर उसने कीटनाशक खा लिया. घटना के बाद युवती को टीएमएच में दाखिल कराया गया. जहां से ठीक होकर वह 16 अगस्त को घर चली गई. इसी बीच फिर 27 अगस्त को उसकी तबीयत बिगड़ी. जिसके बाद परिजन उसे एमजीएम अस्पताल लेकर आए. यहां इलाज के दौरान बुधवार को उसकी मौत हो गई. इसकी जानकारी पुलिस को होने के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. बताया जाता है कि युवती शहर के एक इंजीनियरिंग कॉलेज से बी-टेक की पढ़ाई कर रही थी.

## गड्ढे के कारण सड़क पर घंटों फंसा ट्रेलर

**वरीय संवाददाता | जमशेदपुर**

आदित्यपुर की जानलेवा सड़क दिन प्रतिदिन खतरनाक होती जा रही है. बुधवार को चावल मोड़ के आगे पम्मी धर्मकांटा के पास एक ट्रेलर सड़क में गड्ढे के कारण अनियंत्रित होकर गड्ढे में फंस गया. जिसके चलते उस मार्ग से घंटों बड़ी गाड़ियों का आवागमन प्रभावित रहा. बड़ी मशक्कत के बाद ट्रेलर को गड्ढे से बाहर निकाला गया. बताते चलें कि औद्योगिक क्षेत्र आदित्यपुर में गड्ढे में सड़क है या सड़क में गड्ढा ! यह पता लगाना मुश्किल है. पूरे आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र की नारकीय स्थिति जियाडा एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के कार्यशैली पर सवाल खड़ा करती है. उद्यमी अभिजीत दत्त ने कहा कि पूरे औद्योगिक क्षेत्र की स्थिति से विभाग, विधायक, सांसद एवं सरकार के मुलाजिम वाकिफ हैं. लेकिन किसी ने आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र की सूरत बदलने के लिए आज तक कुछ भी नहीं किया. जब चंपाई सोरेन सीएम बने थे तब बड़ी आस जगी थी कि स्थानीय विधायक सीएम बना हैं, अब यहां का भला होगा. लेकिन अफसोस परिस्थितियों ने उम्मीदों पर पानी फेर दिया.



## बिरसानगर में घर के पास कुएं से मिली अधेड़ की लाश

### दो दिन पहले घर से हो गया था लापता

**वरीय संवाददाता | जमशेदपुर**

बिरसानगर थानान्तर्गत जोन नंबर 6 के रहने वाले अवतार सिंह नामक व्यक्ति की लाश बुधवार को घर से कुछ दूरी पर स्थित कुएं से मिली. अवतार सिंह दो दिन पहले अपने घर से लापता हो गया था. इसकी जानकारी परिजनों ने थाना में दी थी. साथ ही उसकी खोजबीन कर रहे थे. अवतार सिंह के बेटे जगदीश सिंह ने बताया कि उसकी दिमागी हालत ठीक नहीं थी. अक्सर कहीं ने कहीं चला जाता था. लेकिन लापता नहीं हुआ. सोमवार को घर से जाने के बाद वह नहीं लौटा. जिसके बाद उसकी खोजबीन शुरु की गई. खोजबीन के दौरान घर के पास बने कुएं में ही शव पानी के उपर आ गया. स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद बिरसानगर पुलिस मौके पर और शव को कुएं से बाहर निकाला. परिजनों ने बताया कि वह लेथ मशीन में काम करता था.

### राजनीति | गोइलकेरा हाट बाजार परिसर में आजसू पार्टी का मनोहरपुर विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन

# हेमंत सोरेन सरकार ने लोगों को झूठ बोलकर सिर्फ ठगा : सुदेश महतो

**विशेष सहयोगी | गोइलकेरा**

आजसू पार्टी ने बुधवार को गोइलकेरा हाट बाजार परिसर में मनोहरपुर विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया. इस मौके पर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि यह धरती शहीद देवेंद्र माझी की धरती है.शहीद देवेंद्र माझी ने झारखंड को लेकर जो सपना देखा था, वह अब तक पूरा नहीं हो पाया है. उनके परिवार के सदस्य देवेंद्र मांझी की विचारधारा से हटकर काम कर रहे हैं. इस क्षेत्र का जिस तरीके से विकास होना चाहिए था, वह अब तक नहीं हो पाया है. हेमंत सोरेन ने चुनाव से पूर्व घोषणा की थी कि वे बेरोजगार युवाओं को रोजगार देंगे, लेकिन उन्होंने युवाओं को ठगा है. युवा बेरोजगार भटक रहे हैं. हेमंत सोरेन ने कहा था कि बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ. बड़ी संख्या में क्षेत्र से लोगों का पलायन हो रहा है. झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार ने पिछले पांच साल में विकास कार्य सिर्फ होर्डिंग और बैनरों तक ही सीमित रखा है. धरातल पर कोई भी विकास कार्य नजर नहीं आता है. राज्य में लूट खसोट मची हुई है. लोगों को झूठ बोलकर बरगलाया जाता है कि केंद्र की सरकार संविधान को खत्म कर देगी, संविधान खत्म हुआ है.झूठ बोलने वाली यह राज्य की सरकार ज्यादा दिन नहीं टिकेगी. आगामी विधानसभा चुनाव में लोगों को धोखा देने वाली इस सरकार को जनता ही सबक सिखाएगी. पिता- पुत्र व परिवारवाद वाली इस सरकार को सत्ता से हटाना बेहद जरूरी है. आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सभी मजबूत हो जाएं. मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र से आजसू पार्टी पूरे मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी. उन्होंने कहा की क्षेत्र के नेता बिरसा मुंडा जैसे कर्मठ एवं जुझारू नेता इस क्षेत्र से और भी निकले.पार्टी का हर एक कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाए. इस मौके पर पूर्व विधायक रामचंद्र सहिस ने भी संबोधित करते हुए राज्य सरकार पर निशाना साधा.मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव बिरसा मुंडा ने कहा की पिछले 24 वर्षों में कोई भी विकास कार्य नहीं हुआ है. क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य,शिक्षा का अभाव है.राज्य की हेमंत सोरेन सरकार सिर्फ लोगों को ठगना जानती है.मौके पर पार्टी के जिला उपाध्यक्ष दिलबर खाखा ने कहा की जनता साथ दे, मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र से आजसू पार्टी अवश्य रूप से चुनाव लड़कर जीत दर्ज करेगी.इस मौके पर पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत,केंद्रीय सचिव सिद्धार्थ शंकर महतो,युवा आजसू के कोल्हान प्रभारी अमित महतो,मनोहरपुर के प्रखंड अध्यक्ष अनादि महतो,गोइलकेरा के प्रखंड अध्यक्ष प्रीतम कुमार साहू,संतोष महतो,रामचंद्र प्रसाद गुप्ता,मुकेश साहू, वासुदेव लकड़ा, कुंदन कुमार गोप समेत पार्टी के अन्य नेता,कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे.





## ब्रीफ खबर

### युवा अधिवक्ता प्रवीण दुबे की जयपुर में हुई मौत

**जमशेदपुर |** जमशेदपुर बार एसोसिएशन के युवा अधिवक्ता प्रवीण कुमार दुबे की बुधवार को जयपुर में रहस्यमय हालात में मौत हो गई. बताया जा रहा है कि वह जिस होटल में ठहरे थे वहां बालकनी से नीचे गिर गए. इसकी जानकारी बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं को मिलने के बाद सभी शोक में डूब गए. इस बीच, वरीय अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पु ने इस मामले में जांच कराने की मांग की है.

### अर्जुन मुंडा का सच सामने आया : राजा सिंह राजपूत

**जमशेदपुर |** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस के सचिव राजा सिंह राजपूत ने बुधवार को सरयू राय के फेसबुक लाइव पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. अजय कुमार की वजह से अर्जुन मुंडा का सच सामने आ गया है, जो सरयू राय जमशेदपुर की जनता से छिपा रहे थे. डॉ. अजय की मामले में गंभीरता के कारण सरयू राय को अर्जुन मुंडा के शिकायत पत्र का खुलासा करने के लिए मजबूर होना पड़ा.

### नट्टू झा ने जमशेदपुर पूर्वी व पश्चिम से की दावेदारी

**जमशेदपुर |** झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जमशेदपुर कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष सह कांग्रेस के वरीय नेता रवींद्र झा उर्फ नट्टू झा ने जमशेदपुर पूर्वी एवं पश्चिम विधानसभा सीट के लिए अपनी मजबूत दावेदारी पेश की. रविंद्र झा ने उम्मीदवारी को लेकर पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर को बतौर उम्मीदवारी अपना बायोडाटा सौंपा.

### गोविंदपुर में पार्षद परितोष ने चलाया स्वच्छता अभियान

**जमशेदपुर |** जिला परिषद सदस्य डॉ.परितोष सिंह ने बुधवार को छोटा गोविंदपुर के विभिन्न स्थानों में जमा कचरे के अंबार को साफ कराया. कचरा जमा होने से बरसात में होने वाली बीमारियो का खतरा बढ़ गया था. स्थानीय लोगों के अनुरोध पर सामुदायिक विकास मैदान,हाट बाजार, मेन रोड सहित अन्य स्थानों से जेसीबी, ट्रैक्टर, हाइवा व मजदूरों की मदद से कचरा हटवाया.

### इस्पात एक्सप्रेस में 6.3 किलो गांजा बरामद

**चक्रधरपुर |** कन्ताबंजी-हावड़ा इस्पात एक्सप्रेस से बुधवार को मनोहरपुर आरपीएफ व जीआरपी ने 6.3 किलो गांजा बरामद किया है. बताया जाता है की मनोहरपुर आरपीएफ पुलिस को सूचना मिली कि इस्पात एक्सप्रेस ट्रेन के बोगी नंबर डी4 सीट नंबर 103 में लावारिस स्थिति में एक बैग रखा हुआ है. ट्रेन जब मनोहरपुर रेलवे स्टेशन में रुकी तो आरपीएफ व जीआरपी पुलिस ने उक्त बैग को ट्रेन से बरामद किया.

### शौचालय की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

**जमशेदपुर |** जुगसलाई विधानसभा अंतर्गत परसुडीह चांदनी चौक कालिंदी बस्ती में शौचालय की मांग को लेकर बुधवार को स्थानीय महिलाओं ने जमशेदपुर प्रखंड मुख्यालय पर प्रदर्शन किया. प्रदर्शन का नेतृत्व भाजपा नेता बिमल बैठा कर रहे थे. उन्होंने बताया कि सरकार महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना के नाम पर फॉर्म भरवा रही है. लेकिन वर्षों से उन्हें मुलभूत सुविधा से वंचित रखा है.

### समाजसेवी लखींद्र सरदार के निधन पर शोक जताया

**जमशेदपुर |** बागबेड़ा थाना अंतर्गत घाघीडीह निवासी समाजसेवी महीन सरदार के पिता लखिन्दर सरदार (70) का 17 अगस्त को निधन हो गया. उनके निधन के बाद स्थानीय पंचायत जन प्रतिनिधियों ने शोक व्यक्त किया. बुधवार को उनके श्राद्धभोज में कई जन प्रतिनिधि जुटे तथा शोक व्यक्त किया. पूर्व पंसस राजू बेसरा ने बताया कि पिता के रास्ते पर महीन सरदार भी समाजसेवी में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं.

### कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड के तत्वावधान में प्रमंडल स्तरीय सहकारी महासम्मेलन को राज्य सरकार की मंत्री ने किया संबोधित

# किसी भी राज्य को फर्श से अर्श तक पहुंचा सकती है सहकारिता : दीपिका पांडेय

**संवाददाता। हजारीबाग**

सहकारिता वह क्रांति ला सकती है जिससे कोई राज्य अंतिम पायदान से उठकर सबसे ऊपर के पायदान पर पहुंच सकता है. राज्य सरकार अब किसानों को 50 हजार रुपये की जगह 2 लाख तक रुपये का ऋण माफ करेगी. सरकार आपके हर वह सपने को पूरा करने की प्रयास कर रही है, जो आपने देखे हैं. उक्त बातें कृषि, सहकारिता एवं पशुपालन विभाग झारखंड सरकार के मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कही. वे प्रमंडल स्तरीय एकदिवसीय सहकारी महासम्मेलन को संबोधित कर रही थीं. कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड के तत्वावधान में बुधवार को पैराडाइज रिसोर्ट में प्रमंडल स्तरीय एकदिवसीय सहकारी महासम्मेलन का आयोजन किया गया. इसकी शुरुआत मुख्य अतिथि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, उपायुक्त नैंसी सहाय, बरही विधायक उमाशंकर अकेला, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, सहकारी सहयोग समिति के निबंधक सूरज कुमार व अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से की. इसके बाद मंच पर उपस्थित गणमान्य लोगों ने एक पुस्तक का लोकार्पण किया. कार्यक्रम में मंत्री ने कई कृषक मित्रों और सहकारी समिति के सदस्यों से संवाद कर उनकी समस्याओं को जाना और उस पर पहल करने की बात कही. कार्यक्रम के अंत में मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने विभाग द्वारा लगाए गए सभी स्टालों का अवलोकन किया. सहकारिता पदाधिकारी को उत्कृष्ट कार्य के सराहा गया एवं प्रशस्ति पत्र भी दिया गया. महासम्मेलन में रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी, झारखंड राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड के अध्यक्ष विभा सिंह, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के संयुक्त निबंधक देवेंद्र सिंह, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के संयुक्त निबंधक जयप्रकाश शर्मा, उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल के उप निबंधक रामकुमार प्रसाद, जिला सहकारिता पदाधिकारी इत्यादि उपस्थित रहे.



#### लाभकारी योजनाओं से लाभान्वित हों

महासम्मेलन को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि हम लोगों के पास कृषि, कोऑपरेटिव, मत्स्य, हॉर्टिकल्चर से जुड़ी कई कल्याणकारी योजनाएं हैं. डेयरी जैसी लाभकारी योजनाओं से लाभान्वित होकर आप अपनी जरूरत को पूरा करने के साथ-साथ लोगों की जो आम ज़रूरतें हैं उन्हें उनके घर तक पहुंचाने का माध्यम भी बन सकते हैं. खास करके कोऑपरेटिव के माध्यम से हमारा विभाग आपके किसी भी सोच पर सकारात्मक पहल करने का प्रयास करेगी. मंत्री ने कहा कि सहकारी बैंक राज्य के अहम बैंक बनने के कगार पर है. जिस तरह से पैक्सों को बैंकों से जोड़ा गया है, मुझे लगता है कि जो क्रेडिट लिंकेज का मामला है, हमारा प्रयास है कि आप लोगों को सहूलियत हो, इस बात के लिए सरकार पहल करेगी. सरकार के प्रयास से राज्य की कई जगहों में राइस मिल खोली गई है और वह दिन दूर नहीं जब राज्य के हर जिले में एक-एक राइस मिल होंगे, जिससे किसानों काफी राहत मिलेगी.

#### इससे राज्य की दिशा बदल रही

सहकारी सहयोग समिति के निबंधक सूरज कुमार ने कहा कि कुछ राज्यों में सहकारी आंदोलन से राज्य की दिशा बदल रही है. सहकारिता को आगे बढ़ाने की सकारात्मक कवायद शुरू करनी होगी. इसे एक विजन की तरह बुनियादी स्तर पर काम करने की जरूरत है. इसके बायलॉज में संशोधन करके किसी भी प्रकार के व्यवसाय को करने की छूट दे दी गई है.

#### परिसंपत्तियों का किया वितरण

महासम्मेलन में संस्टेबल हार्वेस्टिंग टूल्स किट का वितरण 20 लाभुकों के बीच किया गया. केसीसी योजना का लाभ 17 लाभुकों को दिया गया. माइक्रो एटीएम का लाभ 10 लाभुकों को दिया गया. मोबाइल वेंडिंग कार्ट का लाभ 6 लाभुक, मत्स्यजीवी ससलि हेतु कार्यालय शेड का लाभ 5 लाभुक, मत्स्यजीवी ससलि हेतु आईस बॉक्स, टाना जाल, इलेक्ट्रॉनिक्स बैलेंस का लाभ 5 लाभुकों को दिया गया.

#### मंत्री का रामगढ़ में हुआ स्वागत

**रामगढ़।** रामगढ़ नगर कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को मंत्री दीपिका पांडे सिंह का हजारीबाग जाने के क्रम में टायर मोड स्थित सैनी होटल के समीप नगर अध्यक्ष बलराम साहू के नेतृत्व में स्वागत किया. इस दौरान झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता शांतनु मिश्रा, गोला प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष संतोष सोनी, रामगढ़ नगर कांग्रेस सेवा दल के नगर अध्यक्ष जे के अग्रवाल आदि उपस्थित थे.

## ब्रीफ खबरें

### लोहरी नदी पर बनेगा उच्चस्तरीय पुल : अंबा

**केरेडारी।** प्रखंड क्षेत्र के मनातू पंचायत अंतर्गत ग्राम गोपदा एवं लोहरा के बीच लोहरी नदी में स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद की अनुशंसा पर उच्च स्तरीय पुल बनेगा. इस संबंध में ग्रामीण कार्य विभाग ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हो गई है. विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि पुल निर्माण में लगभग 3 करोड़ 89 लाख 20 हजार की लागत आएगी. उक्त पुल निर्माण होने से मनातू पंचायत के ग्राम गोपदा, लोहरा समेत कई सुदूरवर्ती गांव के लोग लाभान्वित होंगे. विधायक अंबा प्रसाद की अनुशंसा पर दर्जनों योजनाएं मनातू पंचायत में धरातल पर उतर रही हैं. मसूरिया लाजीदाग में भी उच्च स्तरीय पुल निर्माण जारी है, पतरा से पहरा होते हुए मनातू तक पक्की सड़क बनकर तैयार है. विधायक निधि से दर्जनों योजनाएं धरातल पर उतरी हैं.

### मगध में खान प्रबंधक राकेश ने लिया पदभार

**चतरा।** मगध परियोजना के पीओ कार्यालय में राकेश कुमार, मुख्य प्रबंधक खनन, प्रबंधक खान के रूप में मगध ओसीपी में पद ग्रहण किया. पीओ सदाला सत्यनारायण ने एके सिन्हा, पीई ईएंडएम सहित अधिकारियों के साथ में गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया. नये खान प्रबंधक के रूप राकेश कुमार ने कहा कि परियोजना क्षेत्र में खनन और कोयला संप्रेषण में नउ कीर्तिमान स्थापित करने में हम सदैव तत्पर रहेंगे. मौके पर खदान प्रभारी दया शंकर ओझा, संप्रेषण अधिकारी राजीव केआर, सतीश कुमार पीई उत्खनन, चंदन चटराज परिवहन अधिकारी, विनोद राणा, शिव शंकर चौधरी, शुभम कुमार, देबब्रत सरकार और अभिषेक आनंद आदि उपस्तिथ थे.

### मेडल विजेताओं को किया सम्मानित

**रामगढ़।** झारखंड के गिरिडीह में आयोजित डब्लूपीस झारखंड ओपन स्टेट चैंपियनशिप फूल पावरलिफ्टिंग में महिला व पुरुष वर्ग में गोल्ड, सिल्वर व ब्रॉन्ज मेडल जीत रामगढ़ के प्रतिभागियों ने अपना दबदबा कायम किया है. इस आयोजन में रामगढ़ के डंबल जिम के महिला व पुरुष प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था. रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस ने विजेताओं को सम्मानित किया. महिला वर्ग में रामगढ़ की सृष्टि सिंह चौहान ने दो गोल्ड एक सिल्वर, अंजली सिंह चौहान ने एक गोल्ड दो सिल्वर, ललिता चौरसिया ने तीन गोल्ड, डॉली ने एक सिल्वर, हरप्रीत कौर ने एक ब्रॉन्ज, पूजा कुमारी ने एक गोल्ड जीता है. वहीं पुरुष वर्ग में तुषार ने एक सिल्वर मेडल जीता है.

### मांगों को लेकर बीडीओ को ज्ञापन सौंप हड़ताल पर बैठे जनप्रतिनिधि

# मुखिया संघ की हड़ताल से पंचायतों का कामकाज ठप

**खास बातें**

- हड़ताल के दौरान सिर्फ आपातकालीन कार्य होंगे
- सरकार की ओर से पहल नहीं होने से मुखिया आक्रोशित

**संवाददाता। चौपारण**

झारखंड प्रदेश मुखिया संघ के आह्वान पर चौपारण मुखिया संघ ने प्रखंड अध्यक्ष बिरेंद्र रजक की अगुवाई में बीडीओ चौपारण को ज्ञापन सौंप कर मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये, जिससे पंचायतों में काम काज ठप रहा और प्रखंड के सभी मुखिया रांची के धरना प्रदर्शन में शामिल हुए. प्रखंड अध्यक्ष ने कहा है कि हड़ताल के दौरान सिर्फ आपातकालीन कार्य होंगे. जब तक मांगें पूरी नहीं होती हैं, अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी. सचिव रेखा देवी ने कहा कि झारखंड प्रदेश मुखिया संघ द्वारा राज्य वित्त आयोग की राशि पंचायत को देने सहित विभिन्न मांगों को लेकर सरकार को 24 जुलाई एवं 29 जुलाई को मांग पत्र सौंपा गया था. मुख्यमंत्री से मुलाकात एवं वार्ता के लिए 20 अगस्त को समय मांगा गया, परंतु कोई सुनवाई व सकारात्मक पहल नहीं होने के कारण मुखिया आक्रोशित हैं. विवश होकर सभी मुखिया अनिश्चितकालीन धरने पर मंगलवार से बैठ गए हैं. अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने वालों में मुखिया जानकी यादव, गंदौरी दांगी, पिंकी देवी, कृष्णा रविदास, रेखा देवी, नजराना खातून, पडरिया मुखिया पप्पू रजक, उषा देवी, मंजू देवी, अन्नपूर्णा देवी, सुनीता देवी, सरिता देवी, सुनीता देवी आदि शामिल हैं.



चौपारण में अपनी मांगों के समर्थन में धरने पर बैठे मुखिया.

#### क्या हैं मुखिया संघ की मांगें

मुखिया संघ की पांच सूत्री मांगों में पंयायती राज वित्त आयोग की राशि शीघ्र पंचायत को देने, ताकि गांव का सर्वांगीण विकास हो सके. कार्य अवधि के दौरान किसी भी जनप्रतिनिधि (मुखिया, पंसस, वार्ड सदस्य, प्रमुख एवं जिला परिषद) की आकस्मिक मृत्यु या दुर्घटना होने पर 30 लाख रुपये मुआवजा की व्यवस्था की जाए ताकि उनके परिवार का भरन-पोषण हो सके. मुखिया का मानदेय केरल राज्य की तर्ज पर 30,000 (तीस हजार रुपये) निर्धारित किया जाए. वर्तमान समय में सरकार द्वारा चलाई जा रही मंईयां सम्मान योजना/अबुआ आवास एवं अन्य योजनाओं के लिए पंचायत जनप्रतिनिधियों एवं उनके परिवारजनों को शामिल किया जाए ताकि शत-प्रतिशत योजना का लाभ जनता को मिल सके. जैसे-ऐसे मुखिया या वार्ड सदस्य अत्यंत गरीब एवं लाल कार्डधारी हैं तथा रोजी-रोजगार के लिए कुली लेबर का कार्य कर रहे हैं, को योजना का लाभ अवश्य मिलना चाहिए. इस बाबत कार्यालय से आदेश हेतु एक पत्र निर्गत किया जाए. झारखंड की सभी पंचायतों की मांग है कि बिना जांच किए वित्तीय शक्ति जब्त न की जाए, जिससे मुखिया पद का अपमान हो. झारखंड के जिन मुखियाओं का वित्तीय पावर जब्त किया गया है उन्हें पुनः वापस किया जाए.

### कार्पोरेट संचार में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर किया गया सम्मानित

# एनटीपीसी को मिला कांस्य पुरस्कार

**संवाददाता। टंडवा (चतरा)**

प्रखंड क्षेत्र में संचालित एनटीपीसी नार्थ करनपुरा ईकाई प्रबंधन को नवाचारी कार्पोरेट संचार प्रबंधन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर पुरस्कृत किया गया है. बताया कि केरल में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान गहन विश्लेषण से पश्चात प्राप्त परिणामों के आधार पर राज्य सरकार के मंत्री पीए मोहम्मद रियास के हांथों ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. बुधवार को एनटीपीसी के परियोजना कार्यालय में उपलब्धियों से अति उत्साहित होकर परियोजना प्रमुख अजय शुक्ला समेत अन्य वरीय अधिकारियों ने कार्पोरेट संचार अधिकारी कुमारी को बधाई दी.



एनटीपीसी के प्रतिनिधि को पुरस्कृत करते केरल के मंत्री

# सूबे में दोबारा बनेगी इंडिया गठबंधन की सरकार : मंत्री

- हफीजुल अंसारी का चितरपुर में कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

**संवाददाता। रामगढ़**

झारखंड के खेलकूद, पर्यटन, अल्पसंख्यक कल्याण व नगर विकास मंत्री हफीजुल अंसारी व कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर बुधवार को चितरपुर स्थित कांग्रेस कार्यालय पहुंचे. यहां पहुंचने पर कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शहजादा अनवर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया. इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंत्री हफीजुल अंसारी ने कहा कि झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार दोबारा बनने जा रही है, क्योंकि इस सरकार ने राज्य में विकास की गंगा बहाने का काम किया है. उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बेहतर तरीके से सरकार चलाने का काम कर रहे हैं. गरीबों के हित में लगातार निर्णय लिए जा रहे हैं. महिलाओं के लिए मंईयां सम्मान योजना लागू की गई है ताकि महिलाएं स्वावलंबी बन सकें. 200 यूनिट मुफ्त बिजली दी जा रही है. किसानों के लिए केसीसी लोन माफ किया जा रहा है. सर्वजन पेंशन योजना लागू किया गया है. युवाओं को नौकरी दी जा रही है. झारखंड में लगातार विकास के काम किये जा रहे हैं. लेकिन भाजपा झारखंड का विकास नहीं चाहती है. इस दौरान कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर उन्होंने केक काटकर जन्मदिन मनाया. मौके पर पूर्व प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, जिला उपाध्यक्ष चितरंजन दास चौधरी, हाजी अख्तर आजाद आदि मौजूद थे.

### सड़क हादसे में नवजात और महिला की हुई मौत

**रामगढ़।** जिले के एनएच 23 पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से नवजात सहित एक महिला की मौत हो गई. इससे अक्रोशित ग्रामीणों ने छतर मांडू के समीप रामगढ़ बोकारो मुख्य मार्ग एनएच 23 को लगभग 6 घंटे जाम कर दिया. इससे सड़क के दोनों ओर लगभग दस किलोमीटर तक गाड़ियों की लंबी कतार लग गई. जामकर्ताओं का कहना था कि आए दिन ग्रामीण दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं, लेकिन इन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिला प्रशासन द्वारा कोई पहल नहीं की जा रही है. खबर लिखे जाने तक घटनास्थल पर एनडीसी, बीडीओ, सीओ और रामगढ़ थाने के जवान स्थानीय ग्रामीणों को समझने का प्रयास कर रहे थे. अधिकारी सरकारी प्रावधान के तहत मृतक परिवार को हर संभव मदद देने की बात कर रहे थे.

### कांग्रेस नेता ने किया सदर के गांवों का दौरा

# राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं : मेहता


जनसंपर्क अभियान के दौरान कांग्रेस नेता डॉ आरसी मेहता.

**संवाददाता। हजारीबाग**

कांग्रेस नेता डॉ आरसी मेहता ने बुधवार को सदर प्रखंड के मोरंगी, बकासपुर, डेमोटांड़, डंनडय इत्यादि दर्जनों गांवों का दौरा किया. इस दौरान बकासपुर में डॉ मेहता ने कहा कि झारखंड बनने के बाद पहली बार राज्य सरकार ने झारखंड वासियों के हित में दर्जनों योजनाएं चला रही हैं. इसमें मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना महिलाओं के लिए कल्याणकारी योजना है. उन्होंने उक्त योजना का लाभ सभी परिवारों से उठाने की अपील की. बताया कि इस योजना के तहत 21 से 49 वर्ष की सभी महिलाएं पंजीकरण करा सकती हैं. इसके लिए एक पासपोर्ट साइज का फोटो, आधार कार्ड, राशन कार्ड और बैंक खाता जरूरी है. इसको लेकर पंचायत स्तरीय शिविर में जाकर ऑनलाइन या ऑफलाइन आवेदन भरें. राशन कार्ड में नाम नहीं है तो माता-पिता के राशन कार्ड का उपयोग कर सकते हैं.

### विरोध के कारण एक साल से लटका है रेलवे का लूप लाइन निर्माण

# धरनारत भूरैयतों से मिलने पहुंचे सांसद

**संवाददाता। टंडवा (चतरा)**

प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित आम्रपाली परियोजना क्षेत्र में रेलवे का लूप लाइन निर्माण सेरनदाग में तीखे विरोध के कारण लगभग एक साल से भी अधिक समय से अधर में लटका है. बताया जाता है कि जून 2023 से अबतक 11वीं बार आम सहमति बनाने हेतु तमाम विभागीय कोशिशें हुई जो नाकाम रही है. दूसरी ओर फर्जी अनापत्ति मामले ने लोगों के आक्रोश को और भी भड़का दिया है, जिसके कारण मंगलवार से सेरनदाग के बाजार टांड़ में तीन सूत्री मांगों को लेकर ग्रामीण भूरैयत अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं.

आंदोलनकारियों का बड़ा आरोप है कि जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों का फर्जी हस्ताक्षर कर अनापत्ति लेने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध ठोस विभागीय कार्रवाई महीनों बीतने के बाद भी नहीं हुई है, जबकि लिखित तौर पर कठोर कार्रवाई की मांग की गई थी. आंदोलन के दूसरे दिन बुधवार को लोगों से मिलने चतरा सांसद कालीचरण सिंह पहुंचे जहां उन्हें आपबीती सुनाते हुए एक पत्र सौंपा गया, जिसमें फर्जीवाड़ा करने वाले कर्मियों पर कठोर कार्रवाई करने, गांव में सीसीएल द्वारा लगाए गए सीबीए सेक्शन को हटाने तथा भूमि अधिग्रहण 2013 के प्रावधानों को लागू करने की मांग की गई. इस पर सांसद ने समुचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है. बताया गया कि लगभग 14 महीने पहले अनापत्ति के लिए फर्जीवाड़ा की गई जिसके मौजूद साक्ष्यों सहित तमाम वरीय प्रशासनिक अधिकारियों व कई बड़े जनप्रतिनिधियों को पत्र सौंपा गया था बावजूद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई. इससे क्षुब्ध होकर आंदोलन का रुख अख्तियार किया है. इस मौके पर दर्जनों ग्रामीण भूरैयत मौजूद थे.


सांसद कालीचरण सिंह को मांग पत्र सौंपते भूरैयत.

### केरेडारी कोयला खनन परियोजना की पहल

# मंथली मेडिकल कैंप में 140 ग्रामीणों को मिला उपचार

**संवाददाता। केरेडारी**

केरेडारी कोयला खनन परियोजना की ओर से प्रखंड के कुम्हरा बेन्गवारी गांव में बुधवार को मासिक मोबाइल मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया. इसमें कुल 140 ग्रामीणों ने उपचार प्राप्त किया और विभिन्न चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठाया. कैंप में विभिन्न प्रकार की बुनियादी चिकित्सा जांच की सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं, जिनमें सामान्य स्वास्थ्य जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर लेवल, बुखार, सर्दी-खांसी, और अन्य सामान्य बीमारियों की जांच शामिल थी. कैंप में डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की एक टीम ने मिलकर ग्रामीणों का निरीक्षण किया और आवश्यक उपचार प्रदान किया. इसके साथ ही, विशेष परामर्श भी दिया गया, जिसमें बदलते मौसम और ठंड के मौसम से बचाव के लिए जरूरी उपाय बताए गए. गांव की सरोज देवी ने भी कैंप की सराहना करते हुए कहा, "हमारे गांव में इस तरह के कैंप की बहुत जरूरत थी. खासकर सर्दी के मौसम में बुजुर्गों और बच्चों को ज्यादा तकलीफ होती है. डॉक्टरों ने हमें सही सलाह दी और दवाइयां भी दीं. यह हमारे लिए बहुत बड़ा सहारा है."



### कार्यक्रम पतरातु प्रखंड पहुंचे मनीष जायसवाल का कटिया चौक पर कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

# सांसद पहुंचे नवोदय विद्यालय, बच्चों से जानी उनकी समस्याएं

**संवाददाता। रामगढ़**

क्षेत्रीय सांसद मनीष जायसवाल बुधवार को जिले के पतरातु प्रखंड पहुंचे और शैक्षणिक क्षेत्र के विकास के लिए नवोदय विद्यालय, पतरातु का निरीक्षण किया. इसके बाद पीटीपीसी कॉलेज के शासी निकाय की बैठक में शामिल हुए. पतरातु पहुंचने पर सांसद का न्यू मार्केट, कटिया चौक के समीप स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने स्वागत किया. जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलन कुमारी की मौजूदगी में पतरातु जवाहर नवोदय विद्यालय के निरीक्षण के दौरान सांसद ने कहा कि यह बहुत ही पुराना नवोदय विद्यालय है और स्कूल की आधारभूत संरचना का व्यापक विस्तार हुआ है, जिस पर अभी तक शिफ्टिंग नहीं हो पाया है. यहां कई मूलभूत समस्याएं भी हैं. स्कूल में अध्यनरत बच्चों से भी सांसद ने उनकी समस्याएं विस्तार से जानीं. इसके बाद सांसद ने स्कूल की प्राचार्या मीणा मुर्मू से जल्द नए भवन में शिफ्टिंग करने, छात्रावास में रह रहे बच्चों को मिलने वाले समुचित लाभ उपलब्ध कराने, बच्चों के अभिभावकों को स्कूल से जोड़कर समन्वय समिति का निर्माण करने, आगामी शैक्षणिक सत्र से यहां की सीटों की संख्या दोगुनी करनी संबंधित विषयों पर विस्तार से वार्ता की. उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालय में अध्यनरत बच्चों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और आने वाले शैक्षणिक सत्र में क्षेत्र के अधिक बच्चों का इस विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित हो इस दिशा में प्रयास जारी रहेगा.


नवोदय विद्यालय पहुंचने पर सांसद का स्वागत किया गया.

#### शासी निकाय की बैठक में शामिल हुए सांसद

**पतरातु।** प्रखंड स्थित इस क्षेत्र के सबसे पुराने पीटीपीएस कॉलेज की शासी निकाय की बैठक बुधवार को कॉलेज परिसर में हुई. इसमें विशेषरूप से सांसद मनीष जायसवाल शामिल हुए और कॉलेज के विकास के साथ शैक्षणिक क्षेत्र में बेहतर करने को लेकर चर्चा की. उन्होंने बताया कि जल्द ही अगली बैठक होगी, जिसमें कॉलेज की समस्याओं पर उचित निर्णय लिया जाएगा. सांसद ने शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन भी किया.

### पंडा समाज ने मंदिर परिसर में स्टैंड का निर्माण करने की मांग रखी

# सांसद ने छिन्नमस्तिका का किया दर्शन

**संवाददाता। रामगढ़**

क्षेत्रीय सांसद मनीष जायसवाल बुधवार की सुबह रामगढ़ जिला के ग्राम रजरप्पा पहुंचे, जहां उन्होंने अपने समर्थकों के साथ मां छिन्नमस्तिका सिद्धपीठ में पूजा-अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया. इसके बाद जायसवाल के समक्ष स्थानीय पंडा समाज के लोगों ने मंदिर परिसर में प्रॉपर स्टैंड का निर्माण करने की मांग रखी. इस पर सांसद ने कहा कि जल्द ही यहां आने वाले श्रद्धालुओं और पंडा समाज के हितार्थ एक समन्वय बैठक कर यथोचित निर्णय लिया जाएगा. इस दौरान ब्रजेश कुमार पंडा, सुभाशीष पंडा, गौत्तम पंडा, पोपेश कुमार पंडा, कबीर पंडा, संजीत पंडा, अजय पंडा आदि मौजूद रहे. लौटने के क्रम में रजरप्पा में सीसीएल गेस्ट हाउस परिसर में सीसीएल के रजरप्पा प्रोजेक्ट कोलियरी के जीएम विनोद कुमार ने सांसद से भेंट की. कई कोयला कर्मियों ने मिलकर सांसद के समक्ष अपनी समस्याएं भी रखीं.


मां छिन्नमस्तिका सिद्धपीठ पहुंचे सांसद मनीष जायसवाल.

## भाजपा भ्रष्टाचारियों और गुंडों की पार्टी बनकर रह गई है : प्रीतम बांकिरा



**चाईबासा ।** कांग्रेस भवन चाईबासा में युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रीतम बांकिरा की अध्यक्षता में युवा कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी की बैठक बुधवार को हुई. बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव किम दीदी, जिला प्रभारी संजीव रंजन, जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर दास, महिला जिलाध्यक्ष नीतिमा बारी उपस्थित थे. युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रीतम बांकिरा ने कहा कि प्रदेश कमेटी द्वारा निर्देशित हर घर खटाखट कार्यक्रम को अगले एक सप्ताह में ज्यादा से ज्यादा ऑनलाइन के माध्यम से अपने क्षेत्र में करें और आगामी विधानसभा की तैयारी हेतु सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता को बताएं, ताकि क्षेत्र की जनता गठबंधन सरकार के कार्यों को जान सके और उसका लाभ ले सके. भाजपा सरकार आज के समय में भ्रष्टाचारियों और गुंडों की सरकार बन कर रह गई है. कार्यकारिणी की बैठक में प्रदेश महासचिव दीनबंधु बोयपाई, प्रदेश सचिव सुरेश संवैया, जिला उपाध्यक्ष राजू कायम, संदीप महतो, जिला महासचिव सन्नी रॉबर्ट अंथोनी, देविश लागुरी, सन्नी पाट पिंगुवा, जिला सचिव प्रतीक कुमार, जगन्नाथपुर विधानसभा अध्यक्ष धीरज आदि मौजूद थे.

## ब्रीफ खबरें

### सारंडा के करमपदा, नवागांव एवं भनगांव में कब पहुंचेगी बिजली !

**किरीबुरु ।** नक्सल प्रभावित सारंडा जंगल के बीच बसा करमपदा, नवागांव और भनगांव के ग्रामीण आज भी ढिबरी युग में जीने को मजबूर हैं. इन तीनों गांवों में आज तक बिजली नहीं पहुंची है. बिजली नहीं रहने से संचार, शिक्षा, पेयजल आदि तमाम समस्याओं से ग्रामीणों को जूझना पड़ रहा है. कुछ ग्रामीण रेलवे की रहमोकरम पर उनकी बिजली जला रहे हैं. तीनों गांव वन ग्राम हैं, जिसे राजस्व गांव का दर्जा देने की लडाई ग्रामीण वर्षों से लड़ रहे हैं. मुंडा राजेश ने कहा कि हम ग्रामीण सरकार, विद्युत विभाग, जनप्रतिनिधि, रेलवे, सेल आदि सभी से बिजली की सुविधा बहाल करने की मांग करते रहे हैं, लेकिन आज तक कोई भी ध्यान नहीं दिया. अब हम ग्रामीण बिजली को लेकर आंदोलन करेंगे.

### एसडीपीओ ने थानाध्यक्षों व पुलिस निरीक्षक संग की बैठक

**चक्रधरपुर ।** मनोहरपुर सर्किल थाना के एसडीपीओ जयदीप लकड़ा बुधवार को मनोहरपुर थाना सर्किल अंतर्गत सभी थानाध्यक्षों व पुलिस निरीक्षक के साथ समीक्षा बैठक की. बैठक में एसडीपीओ ने क्राइम कंट्रोल एवं विधि व्यवस्था को लेकर कई निर्देश दिये. वहीं एसडीपीओ ने सभी थाना से जुड़े लंबित कांडों का निष्पादन, थाना क्षेत्रों में आपराधिक गतिविधियों पर नकेल कसने एवं विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर विधि-व्यवस्था व अपराध नियंत्रण को लेकर चर्चा की. वहीं थानाध्यक्षों से उग्रवाद प्रभावित थाना क्षेत्र अंतर्गत मतदान बूथों व सुरक्षा से संबधित रिपोर्ट मांगी. मौके पर पुलिस निरीक्षक रणविजय शर्मा, मनोहरपुर थाना प्रभारी अमित खाखा, आनंदपुर थाना प्रभारी प्रिंस झा, जराईकेला थाना प्रभारी सूर्यकांत कुमार, छोटानागरा थाना प्रभारी बलवंत दुबे, चिड़िया ओपी थाना प्रभारी जयप्रकाश दास आदि मौजूद थे.

### बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर में मनोहरपुर के व्यक्ति की मौत

**चक्रधरपुर ।** देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर परिसर में मनोहरपुर के एक व्यक्ति की मौत हो गई. बताया जाता है कि मनोहरपुर निवासी 62 वर्षीय पवन दास अपने कांवड़िया साथी के साथ रविवार को देवघर स्थित बाबा बैधनाथ मंदिर में जल चढ़ाने गए थे. बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर परिसर में जलाभिषेक करने के दौरान वे बेहोश होकर गिर गए थे. आस पास खड़े कांवड़ियों की नजर उनपर पड़ी तो उन्होंने इसकी जानकारी मंदिर प्रबंधन को दी. मंदिर प्रबंधन ने उन्हें देवघर सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया. वहां चिकित्सकों ने जांच कर उन्हें मृत घोषित कर दिया. देवघर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है और परिजनों के आने तक शव को शीतगृह में रखवा दिया है. मृतक पवन दास के पैंट के पॉकेट से देवघर के जिस होटल में वे रुके हुए थे उसकी चाबी मिली है.

### दलमा आंचलिक मुक्ति संघर्ष समिति के बैनर तले ग्रामीणों ने इको सेंसेटिव जोन रद्द करने की मांग की

# हथियारों के साथ अनुमंडल कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन

**संवाददाता । चांडिल**

दलमा आंचलिक मुक्ति संघर्ष समिति के बैनर तले बुधवार को ग्रामीणों ने चांडिल अनुमंडल कार्यालय के समक्ष पारंपरिक हथियार के साथ दलमा इको सेंसेटिव जोन के खिलाफ प्रदर्शन किया. ग्रामीण दलमा वन्यप्राणी आश्रयणी क्षेत्र से इको सेंसेटिव जोन को रद्द करने की मांग कर रहे थे. हाल के दिनों में दलमा इको सेंसेटिव जोन के दायरे में आने वाले ग्रामीणों को वन विभाग द्वारा नोटिस भेजा गया है और उनके पक्के मकान को अवैध बताया है. वन विभाग के नोटिस के कारण क्षेत्र के ग्रामीण डरे सहमे हुए हैं. विरोध-प्रदर्शन में दलमा वन्यप्राणी आश्रयणी की तराई में बसने वाले चांडिल, नीमडीह, पटमदा व बोड़ाम प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए. विरोध प्रदर्शन के बाद ग्रामीणों ने अनुमंडल पदाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को छह सूत्री मांगों के समर्थन में ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में इको सेंसेटिव जोन एक्ट को वापस लेने, दलमा को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने, वन्यप्राणियों द्वारा फसल नष्ट करने पर अविलंब क्षतिपूर्ति देने, वन्यप्राणी द्वारा जान से मारने पर आश्रितों को सरकारी नौकरी और 50 लाख रुपये मुआवजा देने, वन भूमि पट्टा देने, सामुदायिक पट्टा देने, वनाधिकार पट्टा स्थानीय लोगों को देने की मांग की है.



वन विभाग के कार्यालय के सामने पारंपरिक हथियारों के साथ विरोध-प्रदर्शन करते ग्रामीण.

### माओवादियों की तरह वन विभाग के खिलाफ भी लड़ेंगे : असित

मौके पर दलमा आंचलिक मुक्ति संघर्ष समिति के अध्यक्ष सह नीमडीह जिला परिषद सदस्य असित सिंह पात्र ने कहा कि दो दशक से दलमा क्षेत्र के ग्रामीणों ने माओवादियों के साथ संघर्ष किया, जिसके फलस्वरूप वर्तमान समय में माओवादी मुक्त क्षेत्र हुआ है. अब वन विभाग द्वारा ग्रामीणों को परेशान किया जा रहा है. ऐसे में सभी को एकजुट होकर वन विभाग के खिलाफ जोरदार आंदोलन करने की जरूरत है. दलमा वन विभाग द्वारा आए दिन ग्रामीणों को किसी न किसी तरह से परेशान किया जा रहा है. इस तरह का अन्याय और अत्याचार कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

### ग्रामीणों को डराना बंद करे वन विभाग : हरेलाल

ग्रामीणों के विरोध प्रदर्शन में आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो भी अपने समर्थकों के साथ शामिल हुए. मौके पर उन्होंने कहा कि वन विभाग इको सेंसेटिव जोन के नाम पर दलमा क्षेत्र के ग्रामीणों को डराना बंद करे. ग्रामीण जंगलों और पहाड़ों के बीच रहकर दलमा जंगल और जंगली जानवरों को बचाया है. अब उन्हें ही जंगलों से भगाने का षड्यंत्र रचा जा रहा है. जब दलमा क्षेत्र वन्यप्राणी आश्रयणी नहीं था, उसके हजारों साल पहले से ग्रामीण रहते आ रहे हैं और जंगल की सुरक्षा कर रहे हैं. नए-नए नियम कानून लाकर ग्रामीणों को प्रताड़ित किया जा रहा है, जो अन्यायपूर्ण है.

## जोरदार बारिश से ट्रांसफार्मर पर गिरा पेड़, बिजली गुल



**चक्रधरपुर।** बंदगांव प्रखंड में पिछले दो दिन से जोरदार बारिश हो रही है. बारिश के कारण टेबो पंचायत के कांडेयोंग में एक विशालकाय वृक्ष ट्रांसफार्मर के ऊपर गिर गया. इससे ट्रांसफार्मर और बिजली पोल दोनों टूट गया है. इससे बिजली गुल हो गई है. टेबो पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मंगरा ओड़िया ने बिजली विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द कांडेयोंग में बिजली आपूर्ति शुरू की जाए. उन्होंने कहा कि बिजली का ट्रांसफार्मर अविलंब ठीक किया जाए और नया पोल लगाया जाए, जिससे यहां आदिवासी बहुल गांव के लोगों को बेहतर ढंग से बिजली मिल सके. मालूम हो कि जोरदार बारिश के कारण कई पेड़ उखड़ कर गिर गए हैं.

### जगन्नाथपुर की बंद खदानें खोलवाने के लिए बड़ाजामदा में भाजपा का धरना-प्रदर्शन

# खदानें बंद होने से बेरोजगारी बढ़ी : मधु



बड़ाजामदा में धरना-प्रदर्शन के बाद जनसभा को संबोधित करते मधु कोड़ा व उपस्थित अन्य नेता.



खदाने खोलवाने के लिए आयोजित जनसभा में जुटे ग्रामीण.

- खदानें बंद होने से लाखों लोग हुए बेरोजगार
- शहीदों की लाशों पर झामुमो कर रही राजनीति
- सारंडा के ग्रामीण लाल पानी पीने को मजबूर

**संवाददाता । किरीबुरु**

जगन्नाथपुर विधानसभा में बंद पड़ी खदानों को खोलने के लिए 28 अगस्त को बड़ाजामदा में विशाल धरना-प्रदर्शन का आयोजन भाजपा ने पूर्व सांसद गीता कोड़ा एवं पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के नेतृत्व में किया. इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने कहा कि भारी वर्षा के बावजूद हम सभी बंद खदानें खोलवाने व यहां के हजारों बेरोजगारों को उसमें रोजगार दिलाने के लिये यहां जमा हुए हैं.

यह वर्षा हेमंत सरकार को बहाकर ले जायेगी. लौहांचल की खदानें बंद होने से यहां के लाखों लोग बेरोजगार हो चुके हैं. हेमंत सोरेन सारंडा की खदानें बंद कर अपने नाम से खदान खोलकर आज बेल पर हैं. यह सरकार खदान खोलने के लिये पहले माल मांगती है. हम जब मुख्यमंत्री थे तो एक भी खदान को बंद होने नहीं दिये थे. हमारे समय लोग सड़क पर गिरे लौह पत्थर को भी उठाकर अपना जीवन यापन कर लेते थे. हमारे समय दूसरे राज्यों के लोग यहां आकर रोजगार प्राप्त करते थे. ओडिशा की बंद खदानें खुल गई तो यहां की खदानें क्यों नहीं खुल रही हैं. गुवा शहीद मैदान से हर बार हेमंत सोरेन खदान खोलने की बात करते रहे, लेकिन यहां के बेरोजगारों को भूखे मार रहे हैं. सारंडा के ग्रामीण आज लाल पानी पीने को मजबूर हैं. शुद्ध पानी की भी व्यवस्था यह सरकार नहीं कर पाई. बेरोजगारी से तंग महिलाएं व पुरुष आत्महत्या कर रहे हैं. यह सरकार लुटेरी और झूठे वादे करने वाली है. इसे उखाड़ फेंकना है. भाजपा सरकार सभी वर्ग के लोगों खासकर गरीब और किसानों के लिये अनेक कार्य कर रही है. इस लड़ाई के बाद जंगलों में रहने वाले लोगों को वनाधिकार का पट्टा देने के लिये लड़ाई लड़ी जायेगी, क्योंकि वन उनके जीने का आधार है. झामुमो जल, जंगल, जमीन की पार्टी बोलती है, लेकिन वनपट्टा का हजारों आवेदन आज तक इस सरकार ने स्वीकृत नहीं की. गुवा गोलीकांड इसी वन पट्टा के लिये हुआ था. स्व. देवेन्द्र माझी, सांसद जोबा माझी के गांव के लोगों को आज तक वनपट्टा नहीं मिला.

### हेमंत सोरेन में इच्छाशक्ति की कमी : गीता कोड़ा



पूर्व सांसद गीता कोड़ा ने कहा कि जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 30 से 40 आयरन ओर की वर्षों से बंद पड़ी खदानों को पुनः चालू करने के लिए भाजपा ने घंटा बजाओ, सरकार जगाओ कार्यक्रम के तहत विशाल धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम बड़ाजामदा में आयोजित की है. लोकसभा चुनाव के पहले उनके द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से लेकर संसद व कई मंचों एवं कार्यक्रम में बंद खदानों, क्रशरों को खुलवाने का अनुरोध किया गया था, परंतु हेमंत सरकार की इच्छा शक्ति की कमी के कारण एक भी खदान नहीं खोला गया. फलस्वरुप यहां के लोग बेरोजगारी और पलायन को विवश हैं.

### धरना-प्रदर्शन में ये थे मौजूद

इस दौरान एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष शंभू हाजरा, एससी मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मंगल सिंह गिलुवा, पूर्व जिलाध्यक्ष विपिन पूर्ति, अजीत सिंह, सारंडा मंडल अध्यक्ष मधुसूदन तुबिद, जगन्नाथपुर मंडल अध्यक्ष राम भूमिज, नोवामुंडी मंडल अध्यक्ष चन्द्रमोहन गोप, मनोहरपुर मंडल अध्यक्ष राजा सुरीन, मजदूर नेता रामा पाण्डेय, जीप सदस्य देवकी कुमारी, बब्लू शर्मा, इन्द्र सामड आदि हजारों कार्यकर्ता मौजूद थे.

### मजदूरों का हो रहा शोषण

दूसरे राज्यों में हमारे मजदूरों का मानसिक, शारीरिक व आर्थिक शोषण हो रहा है. सत्ता की खुमारी में सोई हेमंत सरकार को यहां के बेरोजगार युवाओं, महिलायें, ग्रामीणों की कोई चिंता नहीं है. हेमंत सोरेन ने लाखों शिक्षित बेरोजगारों को नौकरी, रोजगार देने अन्यथा 5-7 हजार रुपये बेरोजगारी भत्ता देने की बात कही थी, लेकिन कुछ नहीं दिया. महिलाओं को चूल्हा खर्च दो हजार रुपये आज तक नहीं मिला. झारखंड की सूरत बदलनी चाहिये.

### भाजपा ने विकास को गति दी


भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पांडेय ने कहा कि झारखंड के आदिवासियों को भाजपा ने अलग राज्य व विकास को गति देकर सम्मान देने का कार्य किया. यह सरकार 5 हजार बेरोजगारों को भी रोजगार नहीं दी. युवा मोर्चा के आंदोलन को पूरे झारखंड में कुचलने का कार्य इस सरकार ने किया. 80 करोड़ लोगों को प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अनाज मिल रहा है. जगन्नाथपुर सीट को भारी बहुमत से जिताकर झारखंड की वर्तमान सरकार को भगायेंगे.

### वनाधिकार पट्टा नहीं दिया गया : विधानसभा प्रभारी

जगन्नाथपुर विधानसभा प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि झारखंड की यह सरकार झारखंड आंदोलन, झारखंड व यहां की सम्पदा को लूटने व बेचने का काम किया है. भाजपा सरकार की वजह से अब तक झारखंड में विकास के कुछ कार्य देखने को मिला. झारखंड के जंगलों में रहने वाले लोगों को आज तक वनाधिकार का पट्टा नहीं दिया गया. झामुमो के संस्थापक पूर्व सीएम चम्पाई आज झामुमो से तंग होकर भाजपा का दामन थामने जा रहे हैं. इससे हेमंत सोरेन व इंडिया गठबंधन परेशान है. बाबूलाल मरांडी के समय बालू मुफ्त मिलता था लेकिन आज किलो के हिसाब से बिकता है. अगली सरकार पूर्ण बहुमत वाली भाजपा की सरकार बनेगी. कोल्हान प्रमंडल की सभी 14 सीट भाजपा जीतेगी.

## नेत्र दान करें, 67 लाख लोगों को रौशनी की जरूरत : डॉ सेलिन


**संवाददाता । चक्रधरपुर**



चाईबासा सदर अस्पताल की नेत्र विशेषज्ञ सह चक्रधरपुर निवासी डॉ सेलिन सोसन ने जागरूक लोगों से नेत्रदान करने की अपील की है. उन्होंने कहा कि आगामी 8 सितंबर तक नेत्रदान पखवाड़ा चल रहा है. इस दौरान आप एक संकल्प पत्र भरें और नेत्रदान करने वालों की सूची में शामिल हो जाएं. डॉ सोसन के मुताबिक भारत में 67 लाख लोग ऐसे हैं, जिन्हें आंखों में रौशनी की आवश्यकता है. ये लोग आंखों की बीमारियों से ग्रसित हैं, इन्हें आंखों में रौशनी की जरूरत है. उन्होंने कहा कि एक आंकड़ा के मुताबिक भारत में अगर एक करोड़ लोगों की मौत होती है, तो उनसे मात्र 20 लोग ही नेत्रदान करते हैं. मात्र .2 प्रतिशत लोग नेत्र दान करते हैं. यह संख्या बहुत ही कम है.

## ट्रक ने खड़े ट्रेलर को ठोका, 1 घायल

**संवाददाता । चांडिल**



टाटा-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर सड़क किनारे वाहन खड़ा करने के कारण भी कई दुर्घटनाएं घटती हैं. रात के अंधेरे में साफ दिखाई नहीं देने के कारण वाहन चालक दुर्घटना के शिकार होते रहते हैं. ऐसे में कई लोग घायल होते हैं, कई बार तो लोगों की जान भी जाती है. मंगलवार की देर रात भी सड़क किनारे खड़े वाहन से टकराने के कारण एक ट्रक का खलासी जख्मी हो गया. जानकारी के अनुसार ईचागढ़ थाना क्षेत्र के दारूदा गांव के पास एनएच 33 पर सड़क किनारे खड़े ट्रेलर में एक तेज रफ्तार ट्रक ने धक्का मार दिया. यह घटना रात करीब डेढ़ बजे की है. ट्रेलर का पीछे का लाइट नहीं जलने के कारण ट्रक चालक को सड़क किनारे खड़े वाहन का अंदाजा नहीं हुआ और वह ट्रेलर में धक्का मार दिया. इस दुर्घटना में ट्रक का खलासी घायल हो गया. उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है. सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से खड़े वाहन दुर्घटना को आमंत्रित करते हैं. होटल और पेट्रोल पंप के पास अमूमन सड़क से सटाकर या सड़क पर ही वाहन खड़े मिलेंगे. वैसे ही क्षेत्र में स्थापित औद्योगिक प्रतिष्ठानों के बाहर भी सड़क पर या सड़क के किनारे वाहनों की लंबी कतार देखने को मिलेगी.

**कार्यक्रम** चक्रधरपुर के गोपीनाथपुर पंचायत में आजसू पार्टी का चूल्हा प्रमुख सम्मेलन

# झामुमो की डिक्शनरी में विकास नाम की चीज नहीं : सुदेश महतो

**संवाददाता । चक्रधरपुर**

झामुमो की डिक्शनरी में विकास नाम की चीज नहीं है. यह बात पूर्व उप मुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो ने कही. वे बुधवार को चक्रधरपुर प्रखंड की गोपीनाथपुर पंचायत के चारमोड़ मैदान में आजसू पार्टी का चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि अपने राजनीतिक जीवन में ऐसी सरकार मैंने नहीं देखी, जो सिर्फ झूठा आश्वासन देना जानती है. शिबू सोरेन से लेकर अब हेमंत सोरेन सत्ता में हैं, लेकिन झारखंड की जनता के हित में कोई कार्य नहीं हुआ. केंद्र सरकार ने कहा कि आरक्षण की सीमा बढ़ाई जा सकती है, लेकिन राज्य सरकार ने नहीं बढ़ाई. झामुमो के पास मंईयां सम्मान योजना घोषणा पत्र में ही नहीं था. चम्पाई सोरेन सरकार ने यह निर्णय लिया था और हेमंत सोरेन ने बदल दिया. सुदेश महतो ने कहा कि चक्रधरपुर उनकी कर्मभूमि रही है. मैंने टोकलो को अलग प्रखंड बनाने का प्रयास किया था, लेकिन वर्तमान सरकार ने उसे ठंडे बस्ते में डाल दिया. आजसू के जिलाध्यक्ष रामलाल मुंडा ने कहा कि मैं चुनाव लड़ूं या ना लड़ूं, लेकिन आजसू पार्टी के साथ उनका साथ हमेशा रहेगा. आजसू पार्टी के महासचिव नजरुल हसन हाशमी ने आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत सुनिश्चित करने को लेकर सभी को एकजुट हो जाने को कहा. इस दौरान दर्जनों लोगों ने आजसू पार्टी का दामन भी थामा. वहीं कार्यक्रम से पूर्व झूमर सम्राट संतोष महतो की टीम ने एक से बढ़कर एक झूमर गीत व नृत्य पेश किए. इस मौके पर विभिन्न गांव के ग्रामीणों की भीड़ जुटी थी. कार्यक्रम में आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डा देवशरण भगत, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, प्रोफेसर सीताराम महतो, केंद्रीय महासचिव रविशंकर मौर्य, सत्यनारायण महतो, सिद्धार्थ केंद्रीय सचिव सिद्धार्थ शंकर महतो, युवा संयोजक अमित महतो, नंदलाल बिरुवा, भूमिका मुंडा, लक्ष्मी मुंडा, कन्हैया सिंह आदि मौजूद थे.





चारमोड़ मैदान में सभा को संबोधित करते आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो और उपस्थित कार्यकर्ता व अन्य.

## न्यूज अपडेट

### झामुमो केजुनु सुरीन व दक्कल हेम्ब्रम भाजपा में शामिल



**किरीबुरु ।** बिरहोरों की बस्ती कही जाने वाली टाटीबा गांव जो झामुमो का गढ़ माना जा रहा था, वहां के झामुमो के दो बडे. कार्यकर्ता जुनु सुरीन और दक्कल हेम्ब्रम 28 अगस्त को बड़ाजामदा में आयोजित भाजपा की घंटा बजाओ, सरकार जगाओ कार्यक्रम के दौरान भाजपा में शामिल हुये. दोनों को पूर्व सांसद गीता कोड़ा व पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने भाजपा का अंग वस्त्र एवं माला पहनाकर स्वागत किया. गीता कोड़ा ने कहा कि जुनु सुरीन एवं दक्कल हेम्ब्रम टाटीबा गांव में झामुमो के स्तम्भ थे. लेकिन हेमंत सोरेन सरकार की गलत नीतियों से तंग आकर उन्होंने भाजपा का दामन थामा. इनके नेतृत्व में टाटीबा गांव क्षेत्र में भाजपा मजबूत होगी.

### नौसेना के जवानों को रक्षा राज्य मंत्री ने किया सम्मानित



**जमशेदपुर ।** चांडिल डैम में डूबे अलकेमिस्ट एविएशन के ट्रेनी विमान को खोजने वाली भारतीय नौसेना की रेस्क्यू टीम में शामिल 20 जवानों समेत सहयोग करने वाले पूर्व सैनिकों को बुधवार को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सम्मानित किया. इस अभियान में नेतृत्व कर रहे कमांडर जेजे सिंह, कमांडर वरुण गुप्ता, लेफ्टिनेंट आरपी पटेल, मास्टर चीफ पेटी ऑफ़िसर आरएस सैनी, पेटी ऑफिसर सोनू कुमार और जूनियर सेलर के रूप में सागर रोहित, ए रहमान, आकाश, पीके खैरवा, शुभम थांगे, अभिनव सिंह, आर चाहर, अमरदीप, गुरप्रीत सिंह, ओमकार, मुकुल, शिवम कुमार, युवराज, रोहित कुमार और पूर्व सैनिक शामिल थे.

### विमान ढूंढ़ने में सहयोग करने वाले किये गये सम्मानित



**चांडिल ।** चांडिल डैम में विमान डूबने की सूचना देने वाले और पायलट व विमान को खोजने में महती भूमिका निभाने वालों को समाजसेवी खगेन महतो ने सम्मानित किया. बुधवार को चौका स्थित अपने कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर उन्होंने विमान के चांडिल डैम में गिरने की सूचना देने वाले पियालडीह, रसुनिया के रुसु माझी व तपन माझी के अलावा विमान को खोजने में महती भूमिका निभाने वाले चांडिल स्वर्णरेखा बांध विस्थापित मत्स्यजीवी सहकारी समिति लिमिटेड, चांडिल के अध्यक्ष सरदीप लायक व पूर्व मुखिया फागुराम माझी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया.

### अजमल ने ईचागढ़ से चुनाव लड़ने के लिए सौंपा आवेदन



**चांडिल ।** सरायकेला-खरसावां जिला अल्पसंख्यक कांग्रेस के अध्यक्ष अजमल बल्खी ने ईचागढ़ विस निर्वाचन क्षेत्र से विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए कांग्रेस संगठन से टिकट मांगा है. इसके लिए उन्होंने अपने समर्थकों के साथ जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष अंबुज कुमार को आवेदन पत्र सौंपा है. इस अवसर पर अजमल ने कहा कि उनका उद्देश्य समाज के हर वर्ग की समस्याओं को सुनना और उनके समाधान के लिए काम करना है. वे सुनिश्चित करना चाहते हैं कि अल्पसंख्यक समुदाय की आवाज भी सदन में गूंजे और उनके अधिकारों की रक्षा हो सके. वे कांग्रेस की विचारधारा से प्रेरित हो राजनीति में सक्रिय हुए हैं.

## वन विभाग कार्यालय के सामने ग्रामीणों ने किया धरना-प्रदर्शन



प्रदर्शन के बाद डीएफओ को मांगपत्र सौंपते जॉन मिरन मुंडा.

**संवाददाता । चाईबासा**

आदिवासी किसान मजदूर पार्टी के बैनर तले वन विभाग कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन कर हाथियों से फसलों का नुकसान और जान माल की सुरक्षा को लेकर बुधवार को धरना-प्रदर्शन किया गया. धरना-प्रदर्शन के पूर्व चाईबासा शहर में वन विभाग और जिला खनन पदाधिकारी के विरुद्ध नारेबाजी की.

सभा में केंद्रीय अध्यक्ष जॉन मिरन मुंडा ने कहा कि पिछले एक साल से टोंटो प्रखंड में हाथियों से ग्रामीण परेशान हैं. हाथी फसलों को बर्बाद कर रहे हैं, घरों को तोड़ देते हैं और ग्रामीणों को जान से मार रहे हैं, लेकिन वन विभाग मौन है. मुवावजा के लिए आवेदन जमा किया गया है, फिर भी मुवावजा नहीं मिल रहा है. वन विभाग और जिला खनन पदाधिकारी द्वारा बड़े पूंजीपतियों से सारंडा जंगल में गलत तरीके से खनन कराया जा रहा है. गलत तरीके से ब्लास्टिंग करना और खाने के लिए पेड़ों का ना होने से आज हाथी गांव में में बस गए हैं. वन विभाग अगर हाथियों को सारंडा जंगल में नहीं खदेड़ते हैं और मुवावजा एक एकड़ में 1 लाख रुपया नहीं देते हैं तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा. अंत में डीएफओ को मांगपत्र दिया गया. डीएफओ ने एक-दो दिन में हाथियों को खदेड़ देने का वादा किया.

